RNI NO. RAJHIN/2007/21050

टोंक » बुधवार » 20 मार्च, 2024

टोंक, जयपुर और मुरैना (मध्य प्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# खबरों की दुनिया

## श्री श्याम फाल्गुन मेला 2024 की सभी श्याम भक्तों को श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी एवं मंदिर सेवक परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं







लखदातार ग्राउण्ड को विकसित करने पर 30 करोड़ का व्यय।



जनसहयोग के क्षेत्र में 22139140 रुपए की सहायता।




सुलभ शौचालय के लिए 5 करोड़ खर्च- लखदातार मैदान में -5, 52 बीघा पार्किंग में-3, तोरण गेट के पास-3, पुलिस थाने के पास-1, सहित कुल 500 शौचायल एवं स्नानघर घरों का निर्माण।



शिक्षा के क्षेत्र में 6106941 रुपए का सहयोग।



जरूरतमंदों को 301000 रुपए की आर्थिक सहायता।

दिनांक 11 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक मेले के दौरान भक्ताों की सुगम एवं सुलभ दर्शन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए श्री श्याम मन्दिर कमेटी (रजि.) ने व्यापक इंतजाम किए हैं तथा जनसेवार्थ सदैव तत्पर है।

- 14 प्रवेश लाईनों के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिये श्री श्याम बाबा के सुगम एवं सुलभ दर्शन की व्यवस्था।
- लखदातार मैदान से श्री श्याम बाबा मन्दिर डेडिकेटिड 40 फीट चौड़ा रास्ता एवं उसमें सी.सी. सडक निमार्ण के साथ भक्तों की सुविधाओं का विस्तार।
- लखदातार मैदान से श्याम मन्दिर तक का दर्शन मार्ग पहले से एक तिहाई कम दूरी एवं श्रद्धालुओं के लिये 75 फीट मेला मैदान में छाया की व्यवस्था ।
- श्री श्याम मन्दिर सें 40 फीट चौड़ाई का नया निकास मार्ग ।
- रीगंस रोड पार्किंग में रोड़ एवं स्थाई हाई मास्ट लाईट की व्यवस्था ।
- दिव्यांग एवं वृद्धजन के लिये दर्शनों की पृथक लाईन एवं नि:शुल्क ई-रिक्शा व्यवस्था ।



धार्मिक क्षेत्रों में 10682467 रुपए की सहायता।



गौसेवार्थ के लिए 7797431 रुपए का सहयोग।



सफाई व्यवस्था के लिए 7774273 रु. खर्च किए गए।



प्रताप सिंह चौहान
अध्यक्ष



श्याम सिंह चौहान
मंत्री



कालू सिंह चौहान
कोषाध्यक्ष



गोपाल सिंह चौहान
सदस्य



मानवेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य



नरेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य

## श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी

खबरों की दुनिया
एक नजर

# सीकर लोकसभा सीट के लिए नामांकन आज से

## नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर लोकसभा सीट के लिए नामांकन आज से दाखिल होंगे। इस संबंध में जिला निर्वाचन विभाग की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि सीकर लोकसभा सीट के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र स्वयं या अपने प्रस्थापक के माध्यम से कार्यालय इजलास जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सीकर में आज से 27 मार्च 2024 तक प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे के मध्य किसी भी दिन(सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च 2024 को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में की जायेगी। नाम वापिस लेने की अन्तिम तिथि 30 मार्च 2024 रखी गई है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से संबंधित अधिक जानकारी राज्य निर्वाचन विभाग की वेबसाइट www.ceorajasthan.nic.in पर देखी जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सीकर लोकसभा सीट के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना की तिथि 4 जून निर्धारित की गई है।

### 200 मीटर की परीधि में चुनावी रैली, जुलूस व सभा प्रतिबंधित

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए नाम निर्देशन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना करें। नाम निर्देशन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के 200 मीटर परिधि में किसी प्रकार की रैली, जुलुस एवं जनसभा नहीं करेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अभ्यर्थी के साथ 4 (कुल 05) व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति है। साथ ही रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय की 100 मीटर की परीधि में 3 से अधिक वाहनों की अनुमति नहीं रहेगी।

# फुले छात्रावास समिति की ओर से विधायक भागचंद का नागरिक अभिनंदन आज

## श्रद्धानाथ महाराज के आश्रम के पास स्थित श्याम शरणम् गार्डन में आयोजित होगा समारोह

खबरों की दुनिया



**लक्ष्मणगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर से आज को शाम 3.30 बजे श्रद्धानाथ महाराज के आश्रम के पास स्थित श्याम शरणम् मैरिज गार्डन में बांदीकुई विधायक भागचंद टाकडा का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने बताया कि विधायक टाकडा के अभिनंदन समारोह की पूर्व संध्या पर मंगलवार को गार्डन में आयोजन समिति की मीटिंग आयोजित हुई जिसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया तथा अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि विधायक टाकडा लक्ष्मनगढ़ आगमन पर निर्माणाधीन फुले छात्रावास का भी अवलोकन करेंगे।

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला मजिस्ट्रेट कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर जिले में 24 मार्च को होलिका दहन एवं 25 मार्च 2024 को धूलण्डी के त्यौहार पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

आदेशानुसार जय कौशिक उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीकर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सीकर, कुणाल राहड उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोद को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र धोद, दमयन्ती कंवर उपखण्ड अधिकारी फतेहपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र फतेहपुर, जयसिंह मीणा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रामगढ़ सेठान, मोहर सिंह मीणा उपखण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ़, नारायण राम दैया तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नेछवा को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नेछवा, दीपांशु सागवान उपखण्ड मजिस्ट्रेट रींगस को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र रींगस, नेहा मिश्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र खण्डेला, गोविन्द सिंह भींचर उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सम्पूर्ण क्षेत्र दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र को छोडकर, महिपाल सिंह राजावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र लोसल, विवेक कटारिया तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट रींगस को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र खाटूश्यामजी में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सहायक कलेक्टर द्वितीय जिला सीकर, उपपंजीयक सीकर को आरक्षित मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाए रखते हुए अपने-अपने नियुक्ति क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के समुचित प्रबन्ध करते हुए प्रत्येक घटनाक्रम से जिला मजिस्ट्रेट को निरन्तर सूचित रखेगें। जिन तहसीलदारान को डॅयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त नहीं किया गया है वें भी उपखण्ड मजिस्ट्रेट के सम्पर्क में रहेंगें तथा उनके निर्देशानुसार ड्यूटी करेंगें।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने की विधानसभाओं में संयोजकों की नियुक्ति

खबरों की दुनिया

**सीकर।** लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा में विधानसभाओं में संयोजक व सहसंयोजक की नियुक्तियां की गई है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की सहमति से जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने यह नियुक्तियां की है।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने शीशराम घोसल्या को खंडेला, बहादुर सिंह को दांतारामगढ़, महेन्द्र जोशी को लक्ष्मणगढ़, अजय सिंह खर्रा को श्रीमाधोपुर, मनोहरलाल सैनी को सीकर, राजवीर सिंह को धोद का संयोजक व रणवीर सिंह बिजारणियां को सह संयोजक, जेपी लोढ़ा को नीमकाथाना, रामावतार रूंथला को फतेहपुर विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया है।

## एकादशी आजः भक्त श्याम के दीदार को तैयार

# आज रथ यात्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे लखदातार बाबा श्याम







लखदातार के दर पर उमड़ रहा है श्रद्धा का सैलाब











खबरों की दुनिया

**सीकर।** लखदातार की जय, श्याम प्यारे की जय और हारे के सहारे बाबा श्याम का जयकार करते श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में बढ़ रहे है। श्याम सरकार की एक झलक पाने को देश के कोने कोने से आए लाखों भक्त श्याम को शीश नवाने आ रहे है। कोई श्याम प्रेमी पैदल चलकर तो कोई पेट के बल बाबा के हाजिरी लगाने पहुंच रहा है। वहीं मंदिर के सामने दर्शनार्थियों की लम्बी कतारें लगी है। पूरी रात दर्शनों का दौर लगातार जारी है। मेला बुधवार को एकादशी पर पूरे परवान पर रहेगा।

एकादशी पर सबसे पहले श्याम दीदार पाने को भक्त मंगलवार की रात दशमी को ही लाईनों मे जा डटे। इधर एकादशी पर नगर भम्रण निकले लखदातार बाबा श्याम के दर्शन पाने को श्रद्धालु बेताब है। लाखों श्रद्धालु कोई पैदल चलकर तो कोई वाहनों में सवार होकर दशमी की रात तक खाटू पहुंच गए जो एकादशी पर अपने कुल देवता के दर्शन कर मनौतियां मांगेगे। देश-विदेश में विख्यात सीकर जिलें के खाटूधाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। बाबा श्याम के लक्खी मेले में लाखों भक्तों का रैला देर रात तक यूं ही उमड़ रहा है। कस्बें के किसी भी मार्ग पर ठहराव नजर नहीं आ रहा। देखो उधर ही भक्तो का रैला श्याम मंदिर की ओर जा रहा है पूरा खाटू धाम बाबा के जयकारों से गुंजायमान है।

बाबा श्याम की रथयात्रा एकादशमी को निकाली जायेगी। रथ पर सवार बाबा श्याम की झांकी श्याम मंदिर के सामने से होकर मुख्य बाजार लामियां रोड़ होकर श्याम होटल के सामने से होती हुई कबूतर चौक पहुंचेगी। यात्रा में सजी बाबा श्याम की झांकी के दर्शनो के लिए श्याम भक्त व श्रद्धालु यात्रा में शामिल होगें।

# दक्षिण मुखी बालाजी धाम में फागो उत्सव का कार्यक्रम

खबरों की दुनिया



**सीकर।** सिद्धपीठ श्रीदक्षिणमुखी बड़ा तालाब बालाजी धाम मे मंगलवार को पंडित जगदीश प्रसाद शुक्ला के सानिध्य में फागो उत्सव का आयोजन किया गया। सावित्री दीक्षित व् गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि श्रीबालाजी महाराज को भजनों से रिझाया, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इसके साथ ही महिलाओं ने बड़े धूम धाम से मंदिर मे फूलों की होली खेली और लाल पिले रंगो से सभी के माथे पर तिलक किया। इसी कार्यक्रम में पंडित संजय शर्मा अतिरिक्त पूर्व जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कविता चौधरी जमुना शर्मा संजू जांगिड़ मंजू कुमावत कांता शर्मा सुमित्रा शर्मा विमल भाद्रा पायल कुमावत पार्वती शर्मा सावित्री शर्मा सरिता पेसवानी मोनिका शर्मा संतोष देवी सुमित्रा शर्मा सरिता शर्मा शिल्पा शर्मा एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# बाबा श्याम के लक्खी मेले में नरेश निमावत स्मृति संस्थान द्वारा जलपान एवं अल्पाहार सेवा शिविर का शुभारंभ

खबरों की दुनिया




**खाटूश्यामजी।** तीन बाण धारी, हारे के सहारे बाबा श्याम के लक्खी मेले में मण्ढ़ा रोड़ स्थित नरेश निमावत मार्केट के सामने पधारे हुए श्याम भक्तों हेतु अल्पाहार एवं जल सेवा का शुभारंभ बाल गोपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाँतला के निदेशक रामगोपाल गुर्जर एवं संस्थान के छात्रों द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। वेद विद्यालय के निदेशक पंडित राकेश शर्मा एवं वेद विद्यार्थियों द्वारा श्री सूक्त, लक्ष्मी सूक्त एवं विष्णु सहस्त्रनाम का वाचन किया गया।

इस अवसर पर नरेश निमावत स्मृति संस्थान के निदेशक अशोक कुमार शर्मा निमावत, राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत वरिष्ठ शिक्षक अशोक तिवाड़ी मऊ, स्थानीय संघ स्काउट प्रधान एडवोकेट जनार्दन शर्मा, राष्ट्रपति से सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक फूलाराम भादू, डॉक्टर दिनेश निमावत, स्काउटर शिक्षक देवानंद शर्मा, वेदज्ञ पंडित धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ सहायक पवन सिंह, प्रयोगशाला सहायक अंकित सैनी, स्थानीय संघ खाटूश्यामजी के सचिव डॉ. मनोज कुमार शर्मा, गुरु ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर देवेंद्र अग्रवाल आदि ने जल सेवा द्वारा श्याम भक्तों की सेवा की।

# फागोत्सव के रंग झुंझार के संग




खबरों की दुनिया

**सीकर।** बालाजी श्रीझुंझार शहीद अमरचंद धाम धोद रोड़ सीकर में 21 मार्च गुरुवार को शाम 7:15 बजे से फागोत्सव का आयोजन होगा।

धाम के सदस्य रामावतार कलावटिया व महिला मंडल सदस्य अनिता शर्मा ने सयुक्त रूप से बताया की फाल्गुन माह की चाँदनी बारस (गुरुवार) 21 मार्च शाम 7:15 बजे से धाम के प्रधान सेवक व पुजारी अनिल पारीक के सानिध्य में फागोत्सव का आयोजन होगा जिसमें स्थानीय व बाहरी मंडलियों द्वारा चंग, ढप व बांसुरी की धुनों के साथ फूलो की होली खेली जायेगी। मस्ती भी होगी, धमाल भी होगा, फूलो की होली के संग अरदास भी होगी व बांसुरी की धुनों के साथ देशभक्ति भी होगी। जिसमे स्थानीय व बाहरी कलाकार प्रस्तुतिया देंगे।

## माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक का कुमावत छात्रावास में स्वागत

# कुम्हार कुमावत समाज ने राधेश्याम काम्या के नेतृत्व में किया अभिनन्दन, मुख्यमंत्री का आभार जताया

खबरों की दुनिया



**सीकर।** राजस्थान सरकार में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष(राज्यमंत्री) प्रहलाद टांक के सीकर आगमन पर आज नवलगढ़ रोड़ स्थित कुमावत छात्रावास में ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम काम्या के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री नितेश पारमुवाल ने बताया कि कुमावत छात्रावास के अध्यक्ष राधेश्याम काम्या, कुम्हार कुमावत सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष रामवतार जलांधरा, कुम्हार कुमावत महासभा के जिलाध्यक्ष मनोहरलाल चतेरा के नेतृत्व में कुम्हार कुमावत समाज के लोगों व पदाधिकारियों ने माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक व भाजपा के ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष फूलचंद कुमावत का माल्यापर्ण कर साफा ओढा कर स्वागत किया।

स्वागत भाषण देते हुए राधेश्याम काम्या ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का समाज की ओर से आभार व्यक्त किया एवं मंत्री के माध्यम से प्रस्ताव रखकर मुख्यमंत्री से मांग की माटी कला बोर्ड को भी देवनारायण बोर्ड की तरह सरकार से बजट मिले एवं समाज के गरीब छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण एवं प्रत्येक जिला व तहसील स्तर पर जमीन एवं बजट देके छात्रावास का निर्माण कराया जावे।

इस दौरान माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद टांक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि इस बोर्ड में जरूरत अनुसार प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने पर, सभी जरूरतमंदों के कल्याण हेतु कल्याणकारी योजना बनाकर प्रस्तुत करने पर वित्तिय स्वीकृति देकर योजनाएं लागू की जाएगी और अन्य रोजगारों के कार्यों एवं शिक्षा संबंधित प्रस्ताव को पारित कर बजट आवंटित किया जाकर समाज की उन्नति व उत्थान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

इस दौरान राधेश्याम काम्या, रामावतार जलांधरा, राजेश चेजारा, मनोहरलाल चतेरा, सीताराम भोड़ीवाल, सूरजमल धुवारिया, चिरंजीलाल भरोदिया, राजेन्द्र पारमुवाल, नितेश पारमुवाल, बृजमोहन भाटी, मंगलचंद किरोड़ीवाल, रामस्वरूप जलांधरा, रामस्वरूप भोड़ीवाल, प्रभुदयाल तूनवाल, गिरधारी लाल घोड़ेला, प्रेमराज घोड़ेला, बनवारीलाल घोड़ेला, सोनू कुमावत, रामस्वरूप मारोठिया, अनिल मारोठिया, बनवारीलाल दम्मीवाल, शेखर मरेठिया, बाबूलाल बाजोर, राजेन्द्र भोड़ीवाल, दीपचंद घटेलवाल, सुरेंद्र घोड़ेला, सुगनचंद भाटी, रामदेव भाटी, बंशीधर भादवासी, रामचंद्र देहीवाल, दिनेश नेमिवाल, मनीष कारगवाल, भगवानाराम राजौरिया, पप्पू भोड़ीवाल, अजय कुमावत, कृष्ण पारमुवाल रामवतार भोभरिया, हीरालाल नेमिवाल, नरेंद्र कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

खबरों की दुनिया

चुनाव आयोग ने संभाली राज्यों की कमान

## पं. बंगाल में तो ममता के खास डीजी को बदल दिया



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

**दो** नए चुनाव आयोग की नियुक्ति के बाद एवं 16 मार्च चुनावों की तिथि घोषित होने के बाद हमारा चुनाव आयोग हरकत में आ गया है। जिन गृह सचिवों पर राज्य की कानून व्यवस्था का भार होता है स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है उनको चुनावों के ऐन वक्त पर बदल दिया जाए तो कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी होगी। सोमवार को हमारे चुनाव आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिवों को बदल दिया। जिन राज्यों के गृह सचिवों को बदला है उनमें गुजरात, यूपी, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पश्चिमी बंगाल के डीजीपी शामिल है। मुख्य चुनााव आयोग की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। इन पर गृह सचिव के अलावा दूसरे विभाग का प्रभार भी था, ऐसा चुनाव आयोग का आरोप है। अचानक गृह सचिव या डीजीपी बदलने से यहां की सरकारें हक्की-बक्की रह गई।




### चुनाव आयोग ने हटाने का कारण भी बताया

चुनाव आयोग ने अपने आदेश में हटाने का कारण भी बताया। चुनाव आयोग का मानना था कि उनके पास मुख्यमंत्री कार्यालय में दोहरे प्रभार थे जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान जरूरी निष्पक्षता, खासकर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की नियुक्ति के साथ समझौता कर सकते थे। गुजरात के पंकज जोशी के पास गुजरात सीएमओ के एसीएस के अलावा गृह सचिव का चार्ज था। झारखंड में अरवा राजकमल के पास मुख्यमंत्री के सचिव के अलावा नगर विकास न्यास के अलावा अन्य विभाग थे। बिना अनुमति के विदेशों में पढ़ने चले गए थे। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के खासमखास संजय प्रसाद गृह सचिव के अलावा प्रमुख सचिव सूचना वीजा पासपोर्ट और सतर्कता विभाग भी था। उत्तराखंड में शैलेश बगोली के पास गृह विभाग के साथ-साथ जेल विभाग भी था। पश्चिमी बंगाल में राजीव कुमार डीजी के पास डीजी के अलावा आईजी का भी काम देख रहे थे। ममता दीदी के खासमखास थे। उन्हें भी हटाकर चुनाव आयोग ने दम लिया।

### पश्चिमी बंगाल के डीजी के लिए धरने पर बैठ गई थी दीदी

पश्चिम बंगाल में यदि राजीव कुमार पुलिस महानिदेशक नहीं होते तो विगत चुनावों में दीदी का पुनः सत्ता में लौटना कठिन था। टीएमसी ने जो उत्पात मचाया उसका आरोप डीजी पर ही था। यद्यपि 2016 व 2017 के चुनावों में इस डीजी को हटा दिया था। राजीव पहले भी विवादों में रहे हैं। शारदा चिटफंड घोटाले से जुड़े केस में सीबीआई की टीम 2019 में पूछताछ के लिए ले गई थी तो ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा को ताक में रखकर धरने पर बैठ गई थी। बनर्जी ने केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दबाव बनाकर दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। कुमार उस समय कोलकाता पुलिस आयुक्त थे। ऐसी स्थिति में राजीव कुमार को हटाना ममता दीदी के लिए सबसे बड़ा झटका था।

### भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का कंट्रोल अपने हाथों में लिया

जिन राज्यों के गृह सचिव बदले हैं उनमें यूपी उत्तराखंड, गुजरात भाजपा शासित प्रदेश है। फिर भी टीएमसी ने बंगाल के डीजीपी को हटाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर अपने कंट्रोल में लेने का आरोप लगायाा है। चुनाव आयोग का गृह सचिव, डीजी बदलने का आदेश मनमाना तथा भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला है। भाजपा विपक्षी की सरकार को येनकेन प्रकारेण हटाना चाहती है। इस प्रकार अभी चुनाव आयोग का पहला निर्णय है। चुनाव आते-आते देखते जाइए और क्या -क्या निर्णय होते हैं। चुनाव आयोग के निर्णयों को कहीं चुनौती भी फिलहाल नहीं दी जा सकती है।

तमिलनाडु में दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हुए मोदी


## इंडिया गठबंधन वाले हिंदू धर्म का अपमान करते हैं : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु में अपने दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हो गए। तेलंगाना के स्टेट प्रेसिडेंट रहे केएन लक्ष्मण और पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश का जिक्र करते ही पीएम 63 सेकेंड तक खामोश रहे। इसके बाद उन्होंने अपनी बात जारी रखी। मोदी मंगलवार को सेलम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा- तेलंगाना के स्टेट प्रेसिडेंट रहे केएन लक्ष्मण ने पार्टी के प्रचार के लिए बहुत काम किया। पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को भी मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किए हैं। आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी 5 दिन के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। मंगलवार को सुबह उन्होंने केरल के पलक्कड़ में रोड शो किया था। इसके बाद तमिलनाडु के सेलम में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए 17 मार्च की इंडिया अलायंस की रैली का जवाब दिया। उन्होंने कहा- इंडिया वाले हिंदू धर्म का बार-बार अपमान करते हैं। हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, डीएमके और कांग्रेस इस शक्ति का विनाश करना चाहते हैं।



### राहुल के शक्ति वाले बयान से शुरू हुआ था विवाद

दरअसल, 17 मार्च को इंडिया की मुंबई में रैली हुई थी, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। 18 मार्च को तेलंगाना के जगतियाल में मोदी ने राहुल गांधी के बयान का जवाब देते हुए कहा था कि मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। मोदी के इस बयान के बाद राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- पीएम को मेरी बातें अच्छी नहीं लगती हैं इसीलिए वो बातों का गलत अर्थ निकालते हैं।

### मोदी ने कहा शक्ति यानी मातृ शक्ति, नारी शक्ति

अभी तो चुनाव अभियान की शुरुआत हुई है, लेकिन इंडिया अलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है। शक्ति का मतलब होता है मातृ शक्ति, नारी शक्ति, लेकिन इंडी अलायंस वाले कांग्रेस और डीएमके कहती हैं कि वे इस शक्ति को खत्म कर देंगे।

### डीएमके-कांग्रेस पर हिंदू धर्म के अपमान का आरोप

मोदी बोले- डीएमके और कांग्रेस बार-बार हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा-समझा होता है। आप देखिए और किसी धर्म का अपमान डीएमके-कांग्रेस का इंडिया अलायंस कभी नहीं करता है। किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिंदू धर्म के खिलाफ बोलने के लिए ये एक सेकेंड नहीं लगाते हैं।

### तमिलनाडु के लिए केंद्र की योजनाओं का जिक्र

एनडीए सरकार देश में 2 डिफेंस कॉरिडोर बना रही है। इनमें से एक तमिलनाडु में बन रहा है। बीजेपी सरकार 7 मेगा टेक्सटाइल पार्क बना रही है। इनमें से एक हमारे तमिलनाडु में तैयार हो रहा है। हमने तमिलनाडु के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। यहां वंदे भारत एक्सप्रेस भी चल रही है।

### तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषा

दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल भाषा है। देश का दुर्भाग्य देखिए कि आजादी के 75 साल बाद भी दुनिया में कोई भारतीय गर्व से नहीं बोलता कि हमारे देश में दुनिया की सबसे पुरानी भाषा बोली जाती है।

कोटा स्टूडेंट किडनैपिंग केस

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम भजनलाल शर्मा से ली जानकारी

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने छात्रा के पिता से कहा-अब आपकी बेटी को सुरक्षित वापस लाना मेरी जिम्मेदारी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** शिवपुरी के स्कूल संचालक की कोटा में पढ़ने वाली बेटी की किडनैपिंग के सनसनीखेज मामले में अब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की एंट्री हो चुकी है। गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए खुद फोन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कर पुलिस की सहायता से छात्रा को सुरक्षित खोजकर घर वापस लाने की बात कही है। इतना ही नहीं सिंधिया ने छात्रा के पिता से भी फोन पर बात कर ये भी कहा है कि बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की जिम्मेदारी अब मेरी है।

शिवपुरी के निजी स्कूल संचालक की बेटी के राजस्थान के कोटा से किडनैप होने का मामला संज्ञान में आते ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से बात की है। सिंधिया ने उनसे कहा है कि पुलिस जल्द से जल्द तहकीकात कर एमपी की बेटी को वापस लाए। सिंधिया ने इसके साथ ही पीड़ित बच्ची के पिता से भी फोन पर बात कर उन्हें हिम्मत दी है। सिंधिया ने फोन कर कहा है कि बेटी को वापस लाना अब मेरी जिम्मेदारी है। वह बस आपकी बेटी नहीं मेरी भी बेटी है। मैं समझ सकता हूं आप लोगों पर क्या बीत रही है, इसलिए आप अपनी धर्मपत्नी का ध्यान रखिए। मैं इस मामले को खुद मॉनिटर कर रहा हूं,आप चिंता मत करिए। ऐसी स्थिति में कोई भी परेशानी हो तो आप मुझे कॉल करिएगा मैं भी आपके संपर्क में रहूंगा।



### 30 लाख की मांगी है फिरौती

शिवपुरी जिले के बैराड़ निवासी प्राइवेट स्कूल संचालक रघुवीर धाकड़ की 18 साल की बेटी पिछले 6 महीने से कोटा राजस्थान में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सोमवार की शाम अचानक रघुवीर धाकड़ के मोबाइल पर उसकी बेटी के फोटो आए। इसमें उसके हाथ पैर बंधे और मुंह बंधा हुआ नजर आ रहा है। फोटो भेजने वाले ने मैसेज में बताया कि हमने तुम्हारी बेटी का अपहरण कर लिया है और बेटी को जिंदा देखना चाहते हो तो 30 लाख रुपए की व्यवस्था कर दो। बदमाशों ने पिता को एक बैंक खाता नंबर भी दिया है और बताया कि इस खाते में पूरे 30 लाख रुपए जमा कर दो, नहीं तो हम तुम्हारी बेटी को मार देंगे।

## सरकार सीएए पर 3 हफ्ते में जवाब दें : सुप्रीम कोर्ट



### 9 अप्रैल को सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 19 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ दायर 237 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में से 20 में कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का समय मांगा। कोर्ट ने उन्हें 3 हफ्ते का समय दिया है।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह एक्ट किसी की भी सिटिजनशिप नहीं छीन रहा है। 2014 से पहले देश में आए लोगों को ही नागरिकता दी जा रही है। उसके बाद आए किसी नए शरणार्थी को नहीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र के जवाब देने तक नई नागरिकता नहीं दी जाए। ऐसा कुछ होता है तो हम फिर कोर्ट आएंगे।

इस पर सीजेआई की बेंच ने कहा कि हम यही हैं। केंद्र सरकार को स्टे पर जवाब देने के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया जाता है। उस पर 8 अप्रैल तक एफिडेविट फाइल कर सकते हैं। इस तरह हम 9 अप्रैल को सुनवाई से पहले जरूरी बातों को सुन लेंगे। असम और त्रिपुरा से जुड़ी याचिकाओं में अलग नोट दिया जाए।

केंद्र ने सीएए लागू होने का नोटिफिकेशन 11 मार्च को जारी किया था। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी।

## हेमंत सोरेन की भाभी सीता बीजेपी में शामिल



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में विनोद तावड़े ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड के महान सोरेन परिवार को छोड़कर मोदी जी के विशाल परिवार में शामिल हो रही हूं। मोदी जी पर लोगों के विश्वास को देखते हुए इस परिवार में शामिल हो रही हूं। मैंने भी झारखंड में कई संघर्ष किया। 14 साल जेएमएम में रही। मेरे ससुर और दिवंगत पति की अगुआई में झारखंड अलग राज्य बना। उनका सपना राज्य के विकास का था, लेकिन ये अधूरा रह गया। झारखंड की जनता बदलाव चाहती है। झारखंड को झुकाना नहीं बचाना है, इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुई।

## एनसीपी शरद गुट के सिंबल तुरही को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

एजेंसी

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनीसीपी शरद चंद्र पवार के चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मंजूरी दे दी। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने एनसीपी अजित गुट की राह थोड़ी मुश्किल कर दी। कोर्ट ने अजित पवार गुट से कहा कि वे सार्वजनिक रूप से विज्ञापन देकर बताएं कि उनके चुनाव चिह्न घड़ी का मामला अदालत में है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया- एनीसीपी अजित पवार को अंग्रेजी, हिंदी, मराठी के अखबारों में विज्ञापन देकर बताएं कि उनके इलेक्शन सिंबल घड़ी का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस पर अंतिम निर्णय कोर्ट में सुनवाई के बाद ही होगा। एनसीपी अजित पवार को घड़ी चुनाव चिह्न के कोर्ट में विचाराधीन होने को हर टेम्प्लेट, ऐड, ऑडियो-वीडियो क्लिप में भी बताना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने शरद गुट को लोकसभा चुनाव एनसीपी शरदचंद्र पवार नाम से ही लड़ने की परमिशन दे दी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि वह लोकसभा-विधानसभा चुनावों के लिए दूसरों को तुरही बजाता आदमी चिह्न न दे। सुप्रीम कोर्ट ने शरद गुट की उस याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें कहा गया था कि अजित गुट अपने फायदे के लिए शरद पवार का नाम और फोटो इस्तेमाल कर रहा है। इससे पहले 14 मार्च को महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार के गुट को कोर्ट ने फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- अजित गुट लिखकर दे कि शरद पवार का फोटो इस्तेमाल नहीं करेंगे। कोर्ट ने कहा- अब आप अलग पार्टी हैं, अपनी पहचान बनाएं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने अजित पवार गुट से 18 मार्च तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। बेंच ने अजित गुट से बिना शर्त लिखित गारंटी देने का आदेश दिया कि वे शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## संजय मुखर्जी होंगे पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी



**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को आईपीएस संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस नियुक्त किया है। एक दिन पहले आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और 6 राज्यों के गृह सचिव को पद से हटा दिया था।

इसके बाद आयोग ने राज्य सरकार से तीन नाम मांगे थे। सरकार ने विवेक सहाय, संजय मुखर्जी और राजेश कुमार का नाम दिया था। राजीव कुमार के हटने के बाद एक दिन के लिए अंतरिम डीजीपी के तौर पर विवेक सहाय ने पद संभाला था। इसके अलावा आईएएस दीपक कुमार यूपी के नए गृह सचिव बनाए गए हैं।

## कोटा विधायक रहे गुंजल ने दिए भाजपा छोड़ने के संकेत

सोशल मीडिया पर लिखा-याचना नहीं, अब रण होगा

खबरों की दुनिया

**कोटा।** कोटा से विधायक रहे और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल जल्द ही कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं। बुधवार को वे इसकी घोषणा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि गुंजल कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। प्रहलाद गुंजल कांग्रेस के बड़े नेताओं से संपर्क में हैं। उनके साथ कोटा से ही दो अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं।

इधर, कांग्रेस में जाने की चर्चाओं के बीच मंगलवार शाम गुंजल ने अपने एक्स अकाउंट पर प्रख्यात कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता को कोट कर लिखा- 'याचना नहीं अब रण होगा।' गुंजल



की इस पोस्ट को भी उनके भाजपा छोड़ने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### नाराज चल रहे थे गुंजल

लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी की पहली लिस्ट के बाद से ही कोटा में प्रहलाद गुंजल नाराज चल रहे थे। उनके कांग्रेस में जाने की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। हालांकि, कुछ दिन पहले ही प्रहलाद गुंजल ने खुद इसका खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि अभी वह कहीं नहीं जा रहे।

लोकसभा चुनाव : बीजेपी की बड़ी सेंधमारी

## गहलोत-पायलट के करीबी नेता भाजपा में शामिल

खबरों की दुनिया

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गढ़ जोधपुर में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी की है। गहलोत के नजदीक माने जाने वाले नेता व मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसके अलावा सचिन पायलट के नजदीक सरपंच सुरेश गुर्जर सहित 13 नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली।

क्लस्टर बैठक में हुए इस सियासी दांव के बाद एक निजी होटल में कोर कमेटी की बैठक हुई। यहां कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल की सीएम से मुलाकात भी सियासी गलियारों में चर्चा का विषय रही। बंद कमरे में दोनों ने 40 मिनट तक बातचीत की। इधर, मारवाड़ में बगावत का बिगुल बजा चुके शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी पर भी सभी की नजरें रही। पहले उन्होंने किसी प्रकार के संकेत नहीं दिए, लेकिन बैठक खत्म होने के बाद सीएम शर्मा उन्हें लेकर उदयपुर रवाना हुए।



### भाटी की मनौव्वल की कवायद

शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के बगावती तेवर के बाद उनकी मान-मनौव्वल का दौर जारी रहा। मंगलवार सुबह सीएम के आने से पहले भाटी ने कहा कि चुनाव लड़ने का निर्णय वे अपने समर्थकों से बातचीत के बाद लेंगे। इसके बाद दोपहर में बैठक खत्म कर जब सीएम उदयपुर रवाना हुए तो भाटी भी उनके साथ गए। ऐसे में इसे डेमेज कंट्रोल के रूप में देखा जा रहा है।

### इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

हनुमान सिंह खांगटा, पप्पू राम डारा, भागीरथ, फगलु राम, सुखदेव देवासी, देवेंद्र बेनीवाल, तेजाराम, सुरेश गुर्जर, सोहनलाल जांगिड़ जगदीश कडेला, सहीराम, मंगलूराम, बीरम बेनीवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें पप्पूराम डारा ने विधानसभा चुनाव में फलोदी से टिकट मांगा था, लेकिन नहीं मिला। जबकि सुरेश गुर्जर गोटन से सरपंच हैं।

### नहीं पहुंचे सीपी जोशी

इससे पहले लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस क्लस्टर बैठक में जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के अलावा जालोर-सिरोही, बाड़मेर-जैसलमेर और पाली लोकसभा से भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को भी शामिल होना था, लेकिन वे मुख्यमंत्री के साथ जोधपुर नहीं आए।

# पंडित उमादत्त विद्यालय में छात्र से हुई मारपीट के मामले में परिजन मिले जिला पुलिस अधीक्षक से, लगाई न्याय की गुहार

## * महिला का आरोप पिटाई से कान के अंदरूनी हिस्से में आई चोट

## * जिला पुलिस अधीक्षक ने दिया आश्वासन

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

17 फरवरी को पंडित उमादत्त विद्यालय में छात्र से हुई मारपीट के मामले में छात्र के साथ परिजन जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा कि इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने उन्हें अश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही इस मामले में कार्यवाही की जायेगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



प्रधान कॉम्प्लेक्स सदर थाना निवासी पूजा ने कहा कि मेरा बेटा पंडित उमादत्त विद्यालय में कक्षा आठवी का छात्र है। मेरा बेटा 17 फरवरी 24 को घर से विद्यालय पढ़ने के लिए सही सलामत गया था मेरा बेटा दूसरी कक्षा में नोट बुक लेने के लिए गया था तभी विद्यालय में कार्यरत अध्यापक ने मेरे पुत्र को बुलाकर बेवजह थाप थप्पड़ों से मारपीट की तथा मेरे पुत्र के बांये कान में थप्पड़ मारा जिससे उसके कान के अन्दरुनी भाग में गंम्भीर चोट आयी है जिसमें उसके कान में बहुत दर्द है तथा मेरे पुत्र को बांये कान से कम सुनाई दे रहा है। तथा अध्यापक ने मेरे पुत्र को गंदी गंदी गालियां भी दी। मेरे पुत्र ने स्कूल में घटित हुयी घटना को आकर बताया। स्कूल संचालक से फोन पर बात की तो उसने कोई संतोष जनक जबाव नहीं दिया। इस आशय की निहालगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। महिला ने कहा प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे पीड़ित होकर मंगलवार को महिला अपने बेटे को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से मिली और न्याय की गुहार लगाई।

# ईवीएम व वीवीपैट का प्रथम रैण्डमाईजेशन सम्पन्न

धौलपुर ● खबरों की दुनिया




जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए ईवीएम वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया एवं जिले के 77 बसेड़ी, 78 बाड़ी, 79 धौलपुर एवं 80 राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम व वीवी पैट मशीनें आवंटित की गयी। यह रेण्डमाईजेशन विधानसभा स्तर पर किया गया। रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया की सम्पूर्ण वीडियोग्राफी कराई गई। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का विधानसभा स्तर पर रेण्डमाईजेशन कराया गया। रेन्डमाईजेशन की प्रक्रिया के बाद सूची डाउनलोड कर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से हस्ताक्षरित कराकर उन्हें सुपुर्द की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 931 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होने बताया कि 77-बसेड़ी विधानसभा क्षेत्रा के लिए 218 मतदान केन्द्र बनाये गये है इनके लिए अतिरिक्त 20 प्रतिशत रिजर्व बैलेट यूनिट मय कन्ट्रोल यूनिट सहित कुल 261 ईवीएम व 30 प्रतिशत रिजर्व सहित 283 वीवी पैट मशीन, 78 - बाड़ी विधानसभा क्षेत्रा के लिए 254 मतदान केन्द्र बनाये गये है इनके लिए अतिरिक्त 20 प्रतिशत रिजर्व बैलेट यूनिट मय कन्ट्रोल यूनिट सहित कुल 304 ईवीएम व 30 प्रतिशत रिजर्व सहित कुल 330 वीवी पैट मशीन, 79 - धौलपुर विधानसभा क्षेत्रा के लिए 230 मतदान केन्द्र बनाये गये है इनके लिए अतिरिक्त 20 प्रतिशत रिजर्व बैलेट यूनिट मय कन्ट्रोल यूनिट सहित कुल 276 ईवीएम व 30 प्रतिशत रिजर्व सहित 299 वीवी पैट मशीन तथा 80 - राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्रा के लिए 229 मतदान केन्द्र बनाये गये है इनके लिए अतिरिक्त 20 प्रतिशत रिजर्व बैलेट यूनिट मय कन्ट्रोल यूनिट सहित कुल 274 ईवीएम व 30 प्रतिशत रिजर्व सहित 297 वीवी पैट मशीन आवंटित की गई हैं। इस अवसर सहायक रिटर्निंग अधिकारी धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रेल की टिकट खिड़की हुई कैशलेस

## यात्रियों में लोकप्रिय हो रही क्यूआर कोड पेमेंट की सुविधा

धौलपुर ● खबरों की दुनिया



मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशानुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमन वर्मा के निर्देशन में डिजिटल इंडिया विजन को ध्यान में रखते हुए आगरा मंडल ने आगरा छावनी स्टेशन पर कैश लेस भुगतान को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से अनारक्षित टिकट व प्लेटफ़ॉर्म टिकट खरीदने की सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा एक स्पेशल कैश लेस काउंटर के माध्यम से दी जा रही है जहां क्यू आर कोड स्कैनर के साथ फेयर डिस्प्ले भी लगाया गया है , जिसमें यात्री अपना किराया स्क्रीन पर देख सकते है एवं ऑनलाइन पेमेंट कर सकते है जो की रेलवे एवं यात्रियों के मध्य पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। सिर्फ यही नहीं, यात्रियों को आगरा मंडल के सभी स्टेशनो (आगरा छावनी , आगरा किला, मथुरा जं. इत्यादि) में खान पान की सामग्री खरीदकर क्यूआर कोड के माध्यम से कैशलेस भुगतान कर सकते है। इसके अलावा पार्किंग सुविधा का भुगतान भी क्यू आर कोड के माध्यम से कैशलेस तरीके से किया जा सकता है। यदि यात्री पे एंड यूज़ शौचालय का उपयोग करते है तो इसका भुगतान भी कैश लेस पेमेंट के माध्यम से कर सकते है। कैश लेस पेमेंट का फ़ायदा यह है की इससे यात्रियों के समय की बचत होगी और खुले पैसो का झंझट भी नही रहेगा। स्मार्ट फ़ोन की बढ़ती उपलब्धता के साथ ही क्यूआर कोड, यू पी आई पेमेंट सभी के लिए सुलभ और आसान हो गया है । इसी क्रम में बढ़ती टेक्नोलॉजी से कंधे से कंधा मिलाते हुए आगरा मंडल ने क्यूआर कोड, यू पी आई पेमेंट को टिकट बुक करने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध करवा दिया है।

# वार्षिकोत्सव पर मेधावियों और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

राजाखेड़ा ● खबरों की दुनिया

कस्बे के समीपवर्ती गांव डोंगरपुर में स्थिति राजकीय महाविधालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड पीटीआई कैलाशचंद थे।कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र सिंह अंबरपुर रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने की। महाविधालय की विभिन्न शाखाओं के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छठा बिखेरी, कविता, देशभक्ति गीत, राजस्थानी नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि कैलाश चिहार और राजेंद्र सिंह के द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड पीटीआई कैलाशचंद चिहार ने कहा की बेटी की शिक्षा से सीधा देश का विकास जुड़ा हुआ है। बेटियां आत्मनिर्भरता के नए आयामों को छूकर सफलता की इबारत लिख रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा की अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं हमें



समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी मानसिंह मीणा के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान प्रोफेसर होशांग पांचाल, अमर गोस्वामी, रामकरण रावत, चन्द्रशेखर, बादाम सिंह, राजू, गोतम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपऊ का निरीक्षण

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपऊ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बात करते हुए स्वास्थ्य केंद्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सक को स्वास्थ्य केंद्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में वॉशबेसिन, वाशरूम इत्यादि की समुचित सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर सभी कमियों को दूर कर स्वास्थ्य सेवाओं में हर संभव सुधार के निर्देश दिये।





# छात्र के सुसाइड करने के मामले में मीणा समाज ने दिया ज्ञापन

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

ब्लैकमेलिंग से परेशान 10 वीं के एक छात्र ने 15 मार्च को सुसाइड करने के मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय मीणा समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

दिए गए पत्र में मीणा महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि पुलिस के कॉन्स्टेबल ड्राइवर रामनाथ मीणा के बेटे को कई दिनों से ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिसको लेकर कॉन्स्टेबल ने पुलिस को शिकायत भी दी थी। कांस्टेबल की शिकायत पर कार्रवाई ना होने के बाद ब्लैकमेल कर रहे आरोपियों ने 13 मार्च को कॉन्स्टेबल के घर पहुंचकर छात्र को धमकाया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिसको लेकर कॉन्स्टेबल द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना भी दी गई, लेकिन सूचना पर 14 मार्च तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र द्वारा की गई आत्महत्या को लेकर मीणा महासभा के लोगों ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियां पढ़ाई में आ रही हैं आगे

## स्कूटी मिलने के बाद विपरपुर छात्राओं ने अपने विद्यालय में आकर दिया पढ़ाई की महत्ता का संदेश


धौलपुर ● खबरों की दुनिया

विपरपुर स्कूल की विज्ञान वर्ग की छात्राओं को राजस्थान कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी मिलने पर स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। यह पुरस्कार उन्हें राज्य के विद्यालय में 12 वीं कक्षा नियमित छात्रा के रूप में अध्ययन करते हुए अधिक प्राप्तांक लाने पर प्रोत्साहित करने तथा उच्च अध्ययन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से दिया गया है। विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्राध्यापक एवं उप प्राचार्य अतुल चौहान ने बताया कि इस योजना का नोडल आयुक्त कॉलेज शिक्षा विभाग होता है। इसमें छात्राओं रेखा कुमारी तथा पूनम शर्मा को स्कूटी, परिवहन व्यय, एक वर्ष का सामान्य बीमा, पांच वर्ष का तृतीय पक्षकार बीमा, हेलमेट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चियों के विपरपुर स्कूल की सीनियर सेकेंडरी विज्ञान वर्ग में अधिकतम प्राप्तांक आने पर उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इन बच्चियों के व्यक्तित्व निर्माण में वे शैक्षिक वातावरण के साथ विद्यालय में संचालित सह शैक्षिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान मानते हैं। ये बच्चियां स्कूल की प्रत्येक गतिविधि में भाग लेती रहीं तथा ग्रामीण परिवेश में घर का कार्य करते हुए अपने अध्ययन के लिए समय देती रहीं,जिसका सुखद परिणाम उन्हें मिल रहा है। वर्तमान में रेखा कुमारी एक निजी महाविद्यालय से बीएससी बीएड तथा पूनम शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। इस अवसर पर गणित प्राध्यापक अनिल सक्सेना, उमेश शर्मा, सतीश चंद्र, पंकज जैन, बनवारी लाल शर्मा, नेत्रपाल सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) बने परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट के युवा अध्यक्ष

धौलपुर ● खबरों की दुनिया



परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट ने प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया है।धौलपुर में भगवान परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट ने न्यास के उद्देश्यों, कार्यों व हितों से संबंधित गतिविधियों के निर्धारण व संचालन के लिए युवा समिति के गठन का दायित्व निर्वहन करने के लिए ट्रस्ट के ऊर्जावान न्यासी प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) को ट्रस्ट का युवा अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर प्रशांत हुंडावाल ने कहा कि परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उसका में अच्छे से निर्वहन करूंगा व युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करूंगा।

प्रशांत हुंडावाल के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के नाम घोषित होने पर स्वागत किया गया। प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) ने कहा कि आप सभी लोगों ने जो दायित्व सौंपा है उसके लिए मैं अपनी ओर से अच्छे से अच्छा करने की कोशिश करूँगा। इस अवसर पर परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट के कई ट्रस्टी व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# आमजन की सहायता के पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जारी किए पुलिस हेल्प लाइन नंबर

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

**आमजन पुलिस सम्बन्धी किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे कर सकते है सम्पर्क**



जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जिले में आमजन की सहायता के लिए धौलपुर पुलिस के हेल्प नंबर 8764511201, 9530411842, 9530411843 जारी करते हुए कहा है कि जिले में आमजन पुलिस सम्बंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उक्त हेल्प लाइन नंबरों पर 24 घंटे सम्पर्क कर सकते है। उक्त हेल्प लाइन नंबरों पर किसी भी आमजन द्वारा पुलिस को सूचना देने पर सहायता की जावेगी। धौलपुर पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदान हेतु किया गया प्रेरित

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर के निर्देशन में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के बसेडी ब्लॉक के आकपुरा गांव में ब्लॉक परियोजना प्रबंधक दिनेश लोधा, पवन कुमार एसी और अजित एआरपी जयशिव एलआरपी एवं बैंक सखी गीता के मार्गदर्शन में राजीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा रेली और शपथ के माध्यम से मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। महिलाओं के द्वारा 19 अपैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाकर प्रेरित किया गया एवं चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सहायता के लिए जारी किये गए मोबाइल एप्लीकेशन जैसे वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जांच करना, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन करना, मतदान केन्द्र विवरण, ई-एपिक कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा एवं सी-विजिल के माध्यम से मतदान केन्द्र पर संदिग्ध व्यक्ति और गडबड़ी की सूचना उम्मीदवार यदि किसी प्रकार का प्रलोभन दे रहा है तो इसकी सूचना इसमें ऑडियो और विडियो की सुविधा भी है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता पंजीकरण, व्हील चेयर के लिए आवेदन एवं विशेष योग्यजन नागरिकों की सुविधा के लिए है।

के.वाई.सी. एप का अर्थ है कि नो योर कैंडिडेट। इसमें मतदाता अपने क्षेत्र के उम्मीदवार की समस्त प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जैसे वह कितना पढ़ा लिखा है, प्रोपर्टी कितनी है, और उसकी आपराधिक पृष्टभूमि की जानकारी हासिल की जा सकती है। वोटर टर्नआउट के माध्यम से आमजन मतदान दिवस के दिन मतदान प्रतिशत देख सकते हैं। आदि के उपयोग के बारे में जानकारी से अवगत करवाया गया एवं सभी उपस्थित सदस्यों के मोबाइल में उपरोक्त एप डाउनलोड करवाए गए। वहीं पर उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं मतदान करेंगी अपितु अपने आस-पास के सभी मतदाताओं को 19 अप्रेल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगी।

# पुलिस थाना कोतवाली ने कार्यवाही करते हुये 08 व्यक्ति गिरफ्तार

## एक लीलैण्ड टैम्पो में 13 जिन्दा भैंस, पाडाओं को ठूंस-ठूंस कर क्रूरता पूर्वक ले जाते हुये दो व्यक्ति गिरफ्तार

**धौलपुर।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान व आज दिनांक 19.03.2024 को एक दिवसीय विशेष अभियान निर्भय तथा 100 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा तथा तपेन्द्र मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर के निकटतम सुपरवीजन में पुलिस थाना कोतवाली थानाधिकारी प्रमेन्द्र कुमार रावत पु नि के नेतृत्व में

जलवीर सिंह एएसआई प्रभारी चौकी सागरपाडा मय जाप्ता ने नाकाबन्दी के दौरान एक लीलैण्ड टैम्पो मय 13 जिन्दा भैंस पाडाओं को जब्त कर चालक सलीम व खलासी कुर्बान को गिरफ्तार किया गया। सुरेश चन्द्र एएसआई द्वारा दो गिरफ्तारी वारन्टी पप्पू सिंह व दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। अवैध चम्बल रेता बजरी परिवहन करते हुये दो ट्रैक्टर ट्रोली मय अवैध चम्बल रेता बजरी के जब्त किये व मुल्जिम पवन को गिरफ्तार किया गया एवं शांतिभंग करते पाये जाने पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया

# दो हजार रूपये का ईनामी बदमाश हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को किया गिरफ्तार

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.डी.एफ.बाडी कमल कुमार तथा वृताधिकारी बाडी नरेन्द्र कुमार के निकटतम सुपरवीजन में वांछित आरोपियों की धरपकड एवं ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी घनश्याम उप निरीक्षक मय टीम द्वारा मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी 2000 रूपये के ईनाम बदमाश लाखन पुत्र सुगरमन जाति गुर्जर निवासी बरीपुरा थाना बसईडांग व अन्य वांछित आरोपी हरेन्द्र पुत्र बच्चूसिंह जाति गुर्जर निवासी बरीपुरा थाना बसई डांग को गिरफ्तार किया गया।



दिनांक 14.02.2024 को परिवादी रामपाल पुत्र जण्डैलसिंह जाति गुर्जर निवासी बरीपुरा थाना बसई डांग जिला धौलपुर द्वारा एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि मैं व मेरी भाई की पत्नि डाक्टर के पास बच्चे का ईलाज करा कर आ रहे थे रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गॉव राजू बगैराह अन्य 7 लोगों के द्वारा रास्ते में रोक कर लाठी व सरियों से मेरे तथा मेरी भाई की पत्नि के साथ गम्भीर मारपीट की। दिनांक 19.03.2024 को मुखबिर की सूचना पर ईनामी मुल्जिमान बरीपुरा मोड पर कही जाने की फिराक मे खडे है। उक्त सूचना पर थानाधिकारी घनश्याम उप निरीक्षक मय जाप्ता के बरीपुरा मोड पहुंचा जहां पर दो व्यक्ति मुखबिर द्वारा बताई गई हुलिया के खडे दिखाई दिये जो पुलिस जाप्ता को देखकर खेतो की तरफ भागने लगे जिन्हे पकडा व नाम पता पूछा तो लाखन पुत्र सुगरमन जाति गुर्जर निवासी बरीपुरा थाना बसईडांग व हरेन्द्र पुत्र बच्चू सिहं उम्र 34 साल निवासी बरीपुरा थाना बसईडांग का होना बताया। जिनमें से लाखन पुत्र सुगरमन जाति गुर्जर निवासी वरीपुरा थाना बसईडांग 2000/- रूपये का ईनामी बदमाश है। उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## ज्योति कालोनी महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव

**ढोल की थाप पर मस्ती में झूमी महिलाएं**



खबरों की दुनिया

**देवली।** हनुमान नगर क्षेत्र की ज्योति कॉलोनी एवं समीपस्थ साकेत कॉलोनी की महिलाओं ने गौरव पथ स्थित शिव मंदिर में फागोत्सव मनाया। इस दौरान महिलाओं ने गर्मी की परवाह नहीं करते हुए भी मंदिर में टेंट लगवा कर ढोल की थाप पर भजनों की प्रस्तुति देते हुए जमकर ठुमके लगाए। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा पुष्प होली खेली गई । इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान के भजनों पर नृत्य करते हुए गुलाब व हज़ारे के पुष्प वर्षा कर भोले शंकर सहित शिव परिवार को रिझाने का प्रयास किया। फागोत्सव के दौरान प्रियंका, शशि चतुर्वेदी, चित्रा शर्मा, इंद्रा शर्मा, सुशीला सोनी, गीता देवी, सावित्री, सुशीला शर्मा, राम-जानकी सोनी, कृष्णा देवी, रितु शर्मा, सोहनी देवी समेत कई महिलाएं थीं।

# होली व ईद का त्यौहार मनाएं सांप्रदायिक सद्भाव के साथः मृत्युंजय कुमार मिश्रा

## पुलिस अधीक्षक मिश्रा ने ली सदस्यों की बैठक

खबरों की दुनिया



**निवाई।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस थाने में पुलिस अधीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति, पुलिस ग्राम रक्षक, महिला सखी सुरक्षा सहित स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक का आयोजन किया गया। अधीक्षक मिश्रा ने बैठक में आए हुए सभी लोगों से आगामी त्यौहारों को लेकर व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान कई सदस्यों ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। वही कॉलोनीयों से देर रात 3 के बाद तेज गति से अवैध बजरी व चेजा पत्थरों के ट्रैक्टर की समस्या की जानकारी दी। वहीं पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजयकुमार मिश्रा ने विश्वास दिलाया सभी समस्या का अति शीघ्र ही समाधान होगा। अस्थाई अतिक्रमणों को तुरंत प्रभाव से नगरपालिका की मदद से हटवाया जाएगा। ताकि शहर के बाजार पहले की तरह सुंदर दिखने लगे। जिस तरीके से बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकान से 5 फुट आगे तक सामान लगा रखा है। एक साथ दो बाइक सवार बाजार से नहीं निकाल सकते हैं। मिश्रा ने कहा कि शहर में कहीं भी सार्वजनिक जगहों पर मदिरा सेवन या मादक पदार्थ नशा करते हुए लोगों की तुरंत जानकारी थाने पर देवें। बैठक मिश्रा में थाना अधिकारी हरिराम वर्मा को व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को लेकर सभी को शुभकामनाएं देते हुए होली व ईद का त्यौहार सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मिलजुल कर मनाने का आह्वान किया। मोबाइल पर आए हुए मैसेज पर ध्यान नहीं दे गलत मैसेज आने पर तुरंत थाना अधिकारी को बताएं ताकि समय रहते हुए कार्रवाई की जा सके। बैठक में विमल कुमार जैन पारणा, सुरेंद्र जैन, इरशाद कुरैशी, राजू मलावत, हंसराज शर्मा, विनोद सेन, प्रहलाद जाट, शंकरलाल शर्मा संग्रामपुरा, सुरेंद्र शर्मा, रामजीलाल, हेमराज जाट, नरेंद्र सिंह, नवीन जैन, रतिराम चौधरी, महिला सुरक्षा सलाह काउंसलर डॉ सुनीता शर्मा, कृष्ण सेन, मौसम शर्मा व लाली राजवंशी सहित कई सदस्य व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मतदान की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**मतदान के दायित्व एवं कर्तव्यों का कराया बोध**



खबरों की दुनिया

निवाई। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार स्विप योजना के अंतर्गत मतदान की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन ने विद्यार्थियों को अपने मतदान के दायित्व एवं कर्तव्यों का बोध करवाया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रूपा चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में रिंकू प्रजापति प्रथम व रेखा जांगिड़ द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर निर्णायक डॉ. मीनाक्षी बघेल, डॉ सोना अग्रवाल एवं राजेशकुमार मीणा सहित सभी संकाय मौजूद थे।

# शैक्षणिक भ्रमणों से विद्यार्थियों में कौशल संचार एवं गुणात्मक ज्ञान का विकास होता हैः इरशाद खान

**उत्तर प्रदेश स्थित यूनानी की विभिन्न संस्थाओं का कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण**

खबरों की दुनिया

**टोंक।** ग्राम चराई स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, टोंक के विद्यार्थियों ने डॉ. फिरोज खान एवं डॉ. सुमबुल के नेतृत्व में तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। यूनानी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास, आपसी सहयोग एवं उन्हें वास्तविक ज्ञान का पता चलता है। कॉलेज की उप प्राचार्य एवं बग्गी खाना चिकित्सलाय की प्रभारी अधिकारी डॉ. नाजिया शमशाद ने कहा कि इस तरह की ट्रिप से विद्यार्थियों को नए लोगों के साथ चर्चा करने का अवसर मिलता है। साथ ही, छात्र-छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व कौशल और संचार का विकास होता है और वे अपनी व्यक्तित्व क्षमता के बारे में भी जान पाते हैं।






कॉलेज के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर डॉ. सरफराज अहमद ने छात्र-छात्राओं के भ्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं के दल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन गाजियाबाद के कॉलेज एवं चिकित्सालय का भ्रमण कर वहां के विषय विशेषज्ञों से यूनानी चिकित्सा के बारे में अहम जानकारियां ली। संस्था के डायरेक्टर प्रो. शाह आलम ने संस्था की कार्य प्रणाली के बारे में छात्र छात्राओं बताया। इसके बाद सभी विद्यार्थी हमदर्द लैबोरेट्रीज गाजियाबाद पहुंचे जहां यूनानी औषधियों का निर्माण होता है। चीफ प्रोडक्शन एंड प्रोजेक्ट ऑफिसर शमशाद अली के नेतृत्व में यूनानी दवाओं के प्रोडक्शन के बारे में जाना और यूनानी चिकित्सा में औषधियां के निर्माण में उपयोग में आने वाले प्राचीन और आधुनिक उपकरणों के बारे में अहम जानकारियां जुटाई एवं औषधियों के निर्माण को समझा।

मीडिया प्रभारी प्रो. सरफराज ने बताया कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ स्थित तिब्बिया कॉलेज, चिकित्सालय, मौलाना आजाद लाइब्रेरी समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया।


## श्री श्याम मंदिर सिरोही धाम देवली में फाल्गुन महोत्सव बुधवार को

खबरों की दुनिया

**देवली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि महाविद्यालय देवली के निकट स्थित श्री श्याम मंदिर श्री धाम देवली में फाल्गुन एकादशी के उपलक्ष में बुधवार को श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट के साथ ही बाबा का दरबार सजाया जाएगा तथा अखंड ज्योति, इत्र व पुष्प वर्षा, 56 भोग के बीच पंडित अनिरुद्ध दूनी वाले, रानू सेन सवाई माधोपुर के साथ-साथ राहुल अग्रवाल, भानु शर्मा व नितिन मंगल जैसे श्याम भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से बाबा को रिझाएंगे। महोत्सव के एक दिन पूर्व श्री श्याम मंदिर को कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कल्चरल कमिटी के इंचार्ज सरदार चौधरी दयाशंकर मीणा, अविनाश जांगिड़ सहित स्टाफ व विद्यार्थी मंदिर परिसर को सजाने में जुटे रहे।

# पीएम श्री कोठी नातमाम स्कूल के छात्रों ने किया राजहंस उद्यान सेंटर ऑफ हाईटेक एक्सीलेंस देवड़ावास का भ्रमण





खबरों की दुनिया

**टोंक।** पीएम श्री योजना के तत्वाधान में हरित विद्यालय के संदर्भ में पीएम श्री विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक के छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य शंकर शंभू गोगवाल द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना की ग्रीन स्कूल फील्ड भ्रमण के तहत राजहंस उद्यान सेंटर ऑफ हाईटेक एक्सीलेंस नर्सरी देवडावास देवली टोंक का भ्रमण किया।वहां प्रियंका खंगार कृषि पर्यवेक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को कचरा संवर्धन वर्मी कंपोस्ट कैसे बनाते हैं बागवानी कैसे करें और अमरूद की उत्तम किस्म उसके संवर्धन रखरखाव पर्यावरण को कैसे शुद्ध करें और ग्रीन करें पर अपने विचार व्यक्त किए।बच्चों को नर्सरी में लेकर जाकर बीज से लेकर पौधे तक और फल तक समस्त जानकारी दी। फील्ड भ्रमण में स्थानीय विद्यालय से शाहीन अफरोज ,ममता मीना, उप प्रधानाचार्य लादू लाल सेन,श्योजी लाल बेरवा, व्याख्याता शारीरिक शिक्षक रेखा मीणा,व्याख्याता शशि कला साहू, व्याख्याता सुनील सैनी, व्याख्याता शिमला शर्मा,माधुरी शर्मा बच्चों के साथ मौजूद थी।

## पूजा किसी भी समय में की जाए शुभ फल देने वाली ही हैः आर्यिका श्रुतमति माताजी

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में अष्टानिका महापर्व को लेकर आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान के तीसरे दिन आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं सुबोधमति माताजी के सानिध्य में मंगलवार को भगवान पारसनाथ का पंचामृत अभिषेक किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता राकेश संघी ने बताया कि पंडित धर्मचंद शास्त्री अष्टापद द्वारा सर्व प्रथम सिद्धौ की आराधना के लिए श्री सिद्धचक्र का पाठ करो नित आठ ठाठ से प्राणी फल पायो मैना रानी प्रसिद्ध भजन के साथ विधान की पूजा शुरू करवाई। संगीतकार अरविंद कुमार जैन ने विनय पाठ के साथ पूजा शुरू की जिसमें नव देवता पूजा, नंदीश्वर दीप पूजा, 24 तीर्थंकर पूजा, मूल नायक भगवान पारसनाथ पूजा के बाद सिद्ध चक्र विधान की पूजा प्रारंभ की गई।

लोकसभा चुनाव

## नकदी एवं अन्य कीमती सामान को लेकर जिला शिकायत समिति का गठन

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान जब्त की गई नकदी और अन्य वस्तुओं के रिलीज किये जाने के संबंध में बिना किसी एफआईआर एवं शिकायत के नगदी और कीमती सामान कोषागार एवं मालखाने में रखने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने जिला शिकायत समिति का गठन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कमेटी की अध्यक्ष जिला परिषद की सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया एवं सदस्य एडीएम तथा जिला कोषाधिकारी को बनाया है।

# ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**निवाई।** मंगलवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष उदयलाल गुर्जर का बरोनी चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने सुरज्ञानसिंह गुर्जर दादिया के नेतृत्व में स्वाग किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थन में जमकर नारे लगाए। स्वागत के दौरान हीरालाल, राजेश गुर्जर, शिवराज यादव, ऊदालाल गुर्जर, विक्रम बना, हंसराज गुर्जर, सुरेश बैरवा, विकास जाट, रामकंवार गुर्जर व कैलाश गुर्जर सहित कई कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।

## पट्टीयों का ट्रक पलटने से 8 घंटो तक यातायात बाधित,जेसीबी की मदद के बाद शुरू हुआ आवागमन

खबरों की दुनिया

**टोंक।** सदर टोंक पुलिस थानान्तर्गत जयपुर -कोटा नेशनल हाइवे पर मंगलवार की तड़के पट्टीयों स भ्राता ट्रक पलट जाने से कई घंटो तक यातायात बाधित हो गया। जिसकी इतला के बाद पुलिस ने यातायात को एक तरफा करके वाहनों को निकला गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सदर टोंक पुलिस थाना के समीप हनुमान जी के मंदिर के समीप पट्टीयान लेकर जा रहा ट्रक असंक ही पलट गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस को इतला मिलने के बाद यातायात को एक तरफ से शुरू करके वाहनों को निकाला गया। कई घंटो बाद जेसीबी कई मदद से पट्टीयान हटाई गई साथ ही आवागमन शुरू किया गया।

# हनुमान नगर थाने में रह चुके हेडकांस्टेबल की मौत, फंदा लगाकर दी जान

खबरों की दुनिया



**देवली।** हनुमान नगर थाने में रह चुके हेडकांस्टेबल रामकेदार मीणा मंगलवार सुबह मृत पाए गए। मौत की वजह रामकेदार द्वारा पंखे के फंदे से झूलना बताया गया। जानकारी के अनुसार मृतक रामकेदार वर्तमान में गुलाबपुरा थाने में कार्यरत थे, जिन्होंने अज्ञात कारणों के चलते पुलिस थाने में बने क्वार्टर में ही पंखे से झूलकर अपनी जान दे दी। सुबह दरवाजा नहीं खोलने पर सहयोगी पुलिसकर्मियों को शंका हुई तथा दरवाजा तोड़कर देखा तो रामकेदार पंखे से लटकता हुआ नजर आया। घटना की सूचना से पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ पड़ी। साथी पुलिसकर्मी उक्त घटना से स्तब्ध हैं। सूचना पर भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक समेत अधिकारी गुलाबपुरा स्थित चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचे तथा जानकारी ली। वहीं रामकेदार मीणा के भी कई परिचित लोगों की भीड़ जमा हो गई। गौरतलब है कि हेडकांस्टेबल रामकेदार मीणा देवली से सटे हनुमान नगर थाने में रह चुके हैं। राम केदार अलवर जिले के रैणी गांव के निवासी है, जबकि पत्नी एवं बच्चे दौसा जिले के बांदीकुई में रहते हैं। दरअसल सुबह उठने पर पुलिसकर्मियों ने रामकेदार को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस पर साथी पुलिसकर्मियों को शंका हुई। इसके बाद गेट नहीं खोलने पर खिड़की से देखा गया तो रामकेदार फंदे से झूलता पाया गया।

# स्वीप की विभिन्न गतिविधियां मतदाताओं को मतदान के प्रति कर रही है जागरूक

## नारा लेखन के माध्यम दिया मतदान करने का संदेश

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024के मध्यनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा के निर्देश एवं सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियां जिले के मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान के प्रति जागरूक कर रही हैं। साथ ही, स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के मतदाता शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं। स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को जिले के निवाई, पीपलू, मालपुरा, देवली एवं उनियारा उपखंडों के विभिन्न स्थानों पर सी-विजिल एवं वीएचए ऐप, मतदाता जागरूकता शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही, स्वीप गतिविधियों के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय समेत समस्त उपखंडों पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारा लेखन के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जाकर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया गया।

# युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने की आवश्यकताः डॉ. दीपकराज जैन

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशा मुक्ति जागरूकता शपथ व श्रमदान का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया







**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय व राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशा मुक्ति जागरूकता शपथ व श्रमदान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने कहा कि नशा एक मकडी के जाल की तरह है। इसमें व्यक्ति एक बार फंस जाता है तो मरने के बाद ही उसका पीछा छूटता है। नशे रूपी बीमारी ने युवाओं को अपने जाल में फांस लिया है। आज के युवा नशे की ओर तेजी से बढते जा रहे हैं। युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने की आवश्कता है। उन्होंने गुटखा, खैनी, जर्दा, सिगरेट, बीडी, तंबाकू, शराब, चरस, गांजा व अफीम सहित अन्य नशीले पदार्थ शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं। प्राचार्य ने बताया कि विश्व में रोजाना सैकडों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही। इसलिए हमारा का कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। नशा मुक्ति को लेकर एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में अवगत करवाया। एनएसएस प्रभारी सुमन ने कहा कि युवाओं को नशे की हानियों के बारे में जागरूक होना चाहिए। स्वयंसेवक ज्योति ने कहा कि 80 प्रतिशत अपराध नशे के कारण हो रहे हैं। लोग नशे में अपराध कर बैठते है और उसके बाद सारी उम्र पश्चाताप करते रहते हैं। नशे की बुराई का एकजुट होकर सामना करने की आवश्कता है। अभियान के तहत संयुक्त रैली निकालकर रैली के माध्यम से आमजन को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इसी के साथ महाविद्यालय में संकाय सदस्यों के सहयोग से महाविद्यालय के बाहरी परिसर डलवाई गई मिट्टी को समतल करने के लिए श्रमदान किया। इस दौरान 60 छात्र व संकाय सदस्य व कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पानमल पहाडिया व प्रीति जैन उपस्थित रहे।

प्रारूप-10

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :- 17306

दिनांक :-18-3-24

**लोक सूचना**

खातेदार श्री राम अवतार यादव पुत्र श्री दयानन्द यादव निवासी मेहन्दी बाग, टोंक ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि से गैर कृषिक व्यवसायिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| टोंक | कस्बा मेहगांव पटवार हल्का धोला खेडां | 501/1 | 3.3639 है. में से 17147.30 वर्गमीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।

आयुक्त

नगर परिषद टोंक

खबरों की दुनिया

एक नजर

## राष्ट्र सेविका समिति की महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राष्ट्र सेविका समिति की महिला कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को धूमधाम से फाग उत्सव मनाया। प्रतिभा सोनी रजनी सेन ने बताया समिति की कम्मू पारीक, प्रमिला पुरोहित, विष्णु कांत विजयवर्गीय ने देवी अष्टभुजा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर फाग उत्सव की शुभकामनाएं दी। सुंदर-सुंदर भजनों पर नृत्य किया। सभी ने मिलकर समिति के खेलों का आनंद लिया। आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जिसमें नववर्ष पर चौराया सजा दीपदान संचलन जैसे अनेक कार्यक्रम का आयोजन रावतभाटा में किया जाएगा। पथ संचलन के पत्रक का विमोचन किया गया। रेखा भांबी ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में कोटा में विभाग का भव्य पथ संचलन होगा। जो महाराव भीम सिंह स्टेडियम नयापुरा से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ किशोर सागर तालाब के पाल पर समाप्त होगा। कार्यक्रम में सीमा व्यास आशा व्यास लाड धाकड़ राजकुमारी चौहान, अनुपमा सैनी, दीपाली, कृतिका, सुमन भूनिया, मंजुलता जगम, किरण वैष्णव, रूक्मणी मीणा, सीमा शर्मा, अनीता हाड़ा, शीला कवर, बीनू पंचोली, मीनाक्षी परमार, आकांक्षा सोनी, पदमा सोनी, बृजेश वैष्णव सहित राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण परिषद, सेवा भारती भाजपा महिला मोर्चा सहित संगठन की महिलाए मौजूद रही।

## अवैधरूप से बिजली कनेक्शन काटने पर बिजली विभाग को देना पड़ा 5 जुर्माना

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** चित्तौडगढ़ उपभोक्ता संरक्षण मंच में रावतभाटा निवासी संजय वधवा ने विद्युत विभाग की सेवा में कमी का परिवाद पेश किया था । अधिवक्ता रतन कुमावत,खूमराम कुमावत ने बताया कि मंच में विद्युत विभाग की सेवा में कमी का परिवाद पेश किया। परिवादी के विद्युत बिल जमा होते हुए भी विभाग ने अवैधरूप से कनेक्शन विच्छेद कर दिया। जिस पर मंच ने परिवाद पेश करने पर मंच के आदेश पर पुनर्विद्युत कनेक्शन परिवादी के घर का कराया गया। मंच की ओर से परिवादी का परिवाद स्वीकार करते हुए भविष्य में बिल जमा होते रहने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद नहीं करने एवं परिवादी को आर्थिक क्षति परिवाद व्यय के 5 हजार रुपए अदा करने के निर्देश पर विभाग की ओर से उक्त राशि का चैक मंच में जमा कराने पर परिवादी संजय वधवा को मंच की ओर से दिया गया।

## मजदूर नेताओं ने एएसपी हिंगड़ का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राजस्थान अणु शक्ति ठेका कर्मचारी संघ इंटक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ के रावतभाटा कार्यालय में पदभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ श्रीफल व पुष्पा हार पहनाकर स्वागत कर शुभकामना दी। प्रदेश इंटक उपाध्यक्ष ठेका इंटक रावतभाटा के अध्यक्ष डी पी सिंह ने भगवत सिंह हिंगड़ को बताया की आर ए पी पी की निर्माणधीन इकाई 7 व 8 व एन एफ सी में कार्यरत कंपनियों के ठेकेदार झारखंड बिहार यूपी से ठेका श्रमिकों को लाते हैं और अपने कैंप में उनको रखते हैं वहां पर पूरी सुविधा भी ना देकर न्यूनतम वेतन का भी भुगतान उनके द्वारा नहीं करके शोषण कर रहे हैं। इस अवसर पर ठेका इंटक अध्यक्ष डी पी सिंह कार्यकारी अध्यक्ष संजय हाडा महासचिव जय सिंह दुर्गेश सेन परम जीत सिंह ढिल्लों दीपेश गुप्ता पांडू शार्दुल जावेद भाई सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज 9 घंटे बिजली रहेगी बंद

**रावतभाटा (खबरों की दुनिया)।** उपखंड क्षेत्र में मरम्मत के चलते लगभग 9 घंटे बिजली बंद रहेगी अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता ने बताया कि 132 केवी जीएसएस बाडोली पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते 33/11 केवी जीएसएस भैसरोडगढ़, लोठीयाना, बोराव, केसरपुरा व 11 केवी फ़ीडर हैवी वाटर कॉलोनी एनटीसी गुर्जर बस्ती बालाजी नगर गणेश नगर बाड़ोलिया मेंडेसरा फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक बंद रहेगी।

# आधुनिक बने लेकिन देश के अनुकूल कार्य करे- देवनानी

## स्वच्छ वायु एवं बेहतर भविष्य के लिये समुदायों से जुडे कार्यों के लिये एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोगों का आहवान किया है कि वे आधुनिक बने, लेकिन राष्ट्र की स्थितियों के अनुकूल कार्य करें, ताकि प्रदूषण रहित वातावरण के निर्माण में हम सहभागी बन सकें। उन्होंने कहा कि हमे आध्यात्मिक सनातन संस्कृति को अपने आचरण में लाना होगा।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी मंगलवार को यहाँ एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में स्वच्छ वायु एवं बेहतर भविष्य के लिये समुदायों से जुडे कार्यों को मजबूत करने के लिये आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। सम्मेलन का आयोजन एन.सी.ए.पी., वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, एनर्जी एवं रिसोर्स इन्स्टिट्यूट, राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

**सनातन संस्कृति को अपनाने की जरूरत –** देवनानी ने कहा कि हमारी संस्कृति में पृथ्वी शांति, वायु शांति, जल शांति, अंतरिक्ष शांति और वनस्पति शांति के लिये कार्य किये जाने का उल्लेख है। हमे उसी के अनुरूप आचरण करना होगा। उन्होने कहा कि वर्तमान में प्रदूषण अधिक हो रहा है, यह चिंता का विषय है। विषम परिस्थितियों के जनक भी हम ही लोग है। हमे अपनी लापरवाही और निष्क्रियता पर विचार करना होगा और इच्छा शक्ति को मजबूत कर प्रदूषण रहित वातावरण के निर्माण के लिये सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

**समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता–** देवनानी ने कहा कि प्रदूषण की समस्या के निवारण के लिये सामुदायिक, प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टि से एक जुट होकर रणनीति के तहत कार्य करने की



आवश्यकता है। सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करेंगे, तो इस समस्या का निराकरण हो सकेगा। उन्होने कहा कि यह अन्तराष्ट्रीय समस्या है। इस समस्या के निराकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर स्थानीय स्थितियों के अनुरूप रूपरेखा तय किये जाने की जरूरत है। तब ही हम केदारनाथ जैसी घटना की पुर्नरावर्ति को रोक सकेगे।

**समस्या का हल खोजे और समाज के सामने लाये–**देवनानी ने कहा कि सम्मेलन में आयोजित होने वाले सत्रों में आप हर स्थिति पर विचार करे। समस्या को हल करने के तरीके खोजे, तब ही सम्मेलन की सार्थकता है। सम्मेलन से निकलने वाले बिन्दूओं को समाज के सामने लाना होगा, ताकि उनका अमल सभी लोग कर सके और हम प्रदूषण से मुक्त हो सकें। लोगों को शिक्षत कैसे करे, समाज में जागरुकता कैसे लाये, सामुदायिक स्वच्छता के लिये क्या किया जाना चाहिए। इन सभी बिन्दूओं पर विस्तार से चर्चा करनी होगी।

**ऊर्जा की खपत कम करे, परिवहन के साधन बदले–** देवनानी ने कहा कि 21 वीं शताब्दी भारत की शताब्दी है। भारत में न ज्ञान की कमी है, ना पुस्तको की कमी है। आवश्यकता है कार्यों को आचरण में लाने की। देवनानी ने कहा कि ऊर्जा की खपत को कम करें। स्थानीय जरूरत के अनुरूप परिवहन के साधन बदले। सामुदायिक स्वच्छता के लिये कार्य करे और अपनी सोच में परिवर्तन लाये।

**स्थानीय भाषा में हो फोल्डर का प्रकाशन–** देवनानी ने कहा कि स्थानीयता के अनुरूप स्वच्छ वायु के वातावरण में निर्माण के लिये अपनाये जाने वाले बिन्दुओं का प्रकाशन हिन्दी भाषा में कराया जाना चाहिए। इससे लोग प्रकाशित किये जाने वाले फोल्डर को पढ़ सकेंगे और उसके अनुरूप जीवन में आचरण कर सकेंगे।

सम्मेलन में महानिदेशक वन श्रवण कुमार वर्मा ने लोगों को स्वअनुशासन से जीने की जरूरत प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का जीवन शहरी लोगों के लिए प्रेरणा दायक हो सकता है। विजय एन ने कहा कि जमीनी स्तर पर रणनीति बनाकर समस्या का समाधान किया जा सकता है। प्रशांत गारगव और डॉ. अंजु गोयल ने लोगों की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता बताई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के.वी. शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। सेमिनार की जानकारी राजेश यादव ने दी और आभार डॉ. रंजिता सिंह ने व्यक्त किया। सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन किया गया ।

## स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने मनाया फागउत्सव



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल की ओर से चारभुजा के श्रीराम जानकी मंदिर में फाग उत्सव धूमधाम से मनाया। फाग उत्सव की शुरूआत गणपति वंदना से की गई। समाज की महिलाओं ने धार्मिक और सांस्कृतिक गीतों पर फूलों की होली खेली। फाग उत्सव के दौरान महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर रंगों की होली खेलते हुए नृत्य भी किया। मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला अध्यक्ष मीरा सोनी ने बताया कि मातृ शक्ति ने पूर्ण सहयोग किया। बच्चों में कृष्ण आदित्य सोनी बने राधा रानी गायत्री सोनी बनी। महिलाओं में आभा सोनी श्रीकृष्ण, सीमा सोनी राधा बनी और ढोलक पर लोकेश रहे। कार्यक्रम में मीरा सोनी, संध्या सोनी, पदमा सोनी, स्नेहलता सोनी, आकांक्षा सोनी, शारदा सोनी, अनिता सोनी, आभा सोनी, सुनिता सोनी, राजबाला सोनी, नेहा सोनी, सीमा सोनी, रचना सोनी, साधना सोनी, राजू सोनी, संतोष सोनी, मीनाक्षी सोनी, बसंती सोनी, तारा सोनी, समता सोनी, गायत्री सोनी, राधा सोनी, यशोदा सोनी, मंजू, श्यामा सोनी, अयोध्या सोनी, मनीषा राखी सोनी समेत ने सहयोग किया।

## सर्पदंश से युवक की मौत

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** खेत पर कार्य करते समय सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुठाला निवासी दिनेश चौधरी पुत्र कंवरलाल चौधरी खेत पर कार्य कर रहा था। जी मचलाने और उल्टी होने पर रावतभाटा स्थित घर पहुंचा ओर परिजनों को बताते समय अचेत हो गया। परिजन उसे राजस्थान परमाणु बिजलीघर अस्पताल ले गए , जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा पप्पूलाल चौधरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मृग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। जहाँ पोस्टमार्टम कर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा।

## लगाया धोखाधड़ी का आरोप प्रमुख शासन सचिव, पुलिस महानिदेशक को भेजी शिकायत

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता मोहम्मद हनीफ मंसूरी ने मंगलवार को प्रदेश के प्रमुख शासन सचिव गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेज कर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए फर्जी भूखंड बेचने का आरोप लगाया। शिकायत में बताया कि शकील अहमद पुत्र कफिल अहमद ने असलम, रफीक, मोहसिन, रशीदा, अफसाना, रिजवाना, तबस्सुम, मुस्कान को अपनी जमीन बता कर सरकारी जमीन पर भूखंड बेचकर लगभग 8 लाख रुपए ठग लिए। पत्र में बताया कि सस्ती दरों पर भूखंड देने के नाम पर सरकारी भूमि पर भूखंड बेचे गए। फरियादियों से रुपए लेकर स्टांप पेपर पर भूखंड बेचने का सौदा लिखा गया। पत्र में आरोप लगाया कि शकील ने सभी को विश्वास में लेकर पट्टा बनवाने की भी बात कही। जिस पर कई लोगों ने भूखंड खरीदे, फरियादी भूखंड पर कब्जा लेने गए तो पता चला कि सरकारी जमीन निजी बताकर बेच दी गई। पत्र में जालसाजी धोखाधड़ी कूट रचित दस्तावेज बनाकर सरकारी जमीन को बेचने का आरोप लगाया गया।

वहीं पत्र में बताया कि फरियादियों की तरफ से थाना रावतभाटा में पूर्व में शिकायत दी गई लेकिन अब तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, पत्र में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

## जयपुर नेशनल हाइवे पर वाहन चालकों में खलबली

### –जीएसटी टीम ने पकडा बिना बिल का माल, चालक बोला मुझे भाडा का लालच

खबरों की दुनिया

**हलैना।** गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स(जीएसटी) टीम गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स(जीएसटी) टीम अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र कुमार एवं राजकर अधिकारी जीतेन्द्र कुमार शर्मा ने वस्तु एवं सेवा कर की चोरी की रोकथाम को चलाए जा रहे अभियान के तहत जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे-21 सहित अन्य सडक मार्ग पर कार्यवाही की और अलग-अलग स्थान पर दो वाहनों में बिना बिल का माल पकड कर विभागीय कार्यवाही कर माल व वाहनों को जप्त किया। उक्त कार्यवाही की भनक लगते ही वाहन चालक व व्यापारियों में खलबली मच गई। टीम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वस्तु एवं सेवा कर की चोरी की रोकथाम को चलाए जा रहे भरतपुर जिले में अभियान जारी है,अभियान के दौरान



सूचना मिली कि एक वाहन भरतपुर से भुसावर थाना के गांव घाटरी में संचालित एक क्रेसर पर बिना बिल के टायर लेकर जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही टीम ने उक्त वाहन को पीछा किया,जिसे कस्वा हलैना थाना के पास पकडा। वाहन में टायर भरे हुए थे। वाहन चालक से टायरों के बिल मांगे,उसने बिल नही बताया। जिस पर विभागीय कार्यवाही कर वाहन एवं टायरों को जप्त कर हलैना थाना पर पुलिस की देखरेख में रखवा दिया। उन्होने बताया कि टायरों पर 28 प्रतिशत जीएसटी टैक्स है। बिल नही होने पर क्रेता-विक्रेता से उक्त टैक्स का दुगना टैक्स वसूला जाऐगा। उन्होने बताया कि इसी प्रकार जयपुर नेशनल हाइवे पर अन्य स्थान पर एक वाहन को पकडा,जिसमें भी बिना बिल का माल भरा हुआ था। थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जीएसटी विभाग की टीम ने 19 मार्च को एक वाहन में जीएसटी टैक्स की चोरी कर ले जा रहे टायर पकडे है,टीम ने जप्त किए टायर व वाहन को हलैना थाना पर सुरक्षा की दृष्टि से रखवा दिया। उक्त प्रकरण की जांच व कार्यवाही जीएसटी विभाग ही करेंगा।

**भरतपुर से घाटरी जा रहे थे टायर :** जीएसटी टीम के द्वारा पकडा गए टायर भरतपुर से भुसावर थाना क्षेत्र के क्रेसर जोन घाटरी जा रहा थे,जब वाहन को रोका तो चालक ने बताया कि भरतपुर के दुकानदार ने मुझे पुराने टायर पर रबड चढे टायर बताए है,ये नए है या पुराने मुझे नही मालूम। मुझे तो भाडा का लालच है। गाडी की किस्त जमा करानी है,मुझे टायर यथा स्थान पर भरतपुर से घाटरी तक सुरक्षित पहुंचाने के ऐवज पर 1800 रूपए भाडा मिलेगा।

**लोकसभा चुनावों मद्देनजर असमाजिक तत्वों की धरपकड़ अभियान :** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित लखनपुर थाने पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन पर थानाधिकारी जीतेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व मे लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिनांक 18/03/24 की मध्य रात्रि से दिनांक 19/03/24 की दोपहर 12 बजे तक असमाजिक तत्वों बदमाशान की धरपकड़ अभियान चलाकर असमाजिक तत्वों को पकडा गया। इस अवसर पर थानाधिकारी जीतेंद्र कुमार चौधरी, एएसआई श्रीलाल मीना, हैड खेमचंद शर्मा,भगवान सिंह, भीमसिंह, शंकरसिंह, दीवान सिंह, महेश चौधरी आदि पुलिस कार्मिक उपस्थित रहे।

## कृषि महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन

### *–राष्ट्र के निर्माण के लिए ईमानदारी व कड़ी मेहनत जरूरी : उदयभान सिंह डीन*



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कृषि महाविद्यालय में चल रहे विशेष शिविर का समापन किया गया। डीन उदयभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्र निर्माण के लिए ईमानदारी व कडी मेहनत जरूरी है। प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के स्पून रेस बालिका वर्ग में प्रियंका यादव तथा बालक वर्ग में राकेश यादव विजेता रहे। वहीं जपिंग बैक रेस के बालिका वर्ग में पूजा कुमारी व बालक वर्ग में कमलेश जाखड, रस्सा खींच के बालक वर्ग में लोकेश की टीम तो बालिका वर्ग में पूजा की टीम ने बाजी मारी। वही समापन के दौरान आयोजित हुई पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा चौधरी टीम व मॉडल में कमलेश जाखड टीम प्रथम रही। गायन में दीपक सैनी, ड्रामा में कमलेश जाखड टीम, भाषण प्रतियोगिता में मोनिका कुमावत व एकल नृत्य में प्रियंका स्वामी प्रथम रही। डीन सिंह ने बताया कि वेस्ट एनएसएस शिविर राकेश यादव टीम तथा वेस्ट एनएसएस स्वयंसेवक राकेश यादव और प्रेमपाल रहे। सभी विजेताओं को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

## बेसहारो को मिला सहारा-भामाशाह अर्जुन कुमार ने दी भूमि

### *आप साथ दो सेवा समिति की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन*

खबरों की दुनिया

**अलवर।** बहुत लम्बे समय से जगह जगह गरीब एवं असहाय बच्चो को शिक्षा देने वाली संस्था 'आप साथ दो सेवा समिति' को आखिर एक भामाशाह मिल ही गया जिसने बच्चो के दर्द को महसूस किया एवं उनकी शिक्षा प्राप्त करने के सपने को साकार करने के लिए एक उम्मीद की किरण दिखाई।



2017 में प्रारंभ हुई इस छोटी सी संस्था ने प्रारम्भिक समय में कच्ची झुग्गी झोपडी से बच्चो को एकत्र करके उनके माता पिता को समझाकर भीख मंगवाना छुड्वाया तथा खुले मैदान में कभी किराये के मकान में कभी टेंट लगाकर प्रारम्भिक शिक्षा देना शुरू किया धीरे धीरे लोगो के सहयोग एवं प्रोत्साहन की बदौलत संस्था जल्द ही सभी की नजरो में आ गयी जल्द ही मंत्री-संत्री एवं सभी प्रतिष्ठित व्यक्ति सभी इस संस्था से प्रभावित होकर कार्यक्रमों में आने लगे धीरे धीरे उनके सहयोग से टिन शेड में इन बच्चो को शिक्षा प्राप्त होने लगी लेकिन तकलीफ एक ही थी सर्दी एवं गर्मियों में टीनशेड के नीचे बच्चो को पढाई करवाना बहुत ही मुश्किल होता जा रहा था! इसी बीच चर्चा करते हुए संस्था सदस्यों ने अपनी तकलीफ अर्जुन कुमार के सम्मुख रखी बच्चो की शिक्षा को देखते हुए अर्जुन कुमार जी ने संस्था के संरक्षक डॉ.एस.सी.मित्तल से औपचारिक मुलाकात करके संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उनके आश्वासन पर चिकानी गाँव में स्थित जमीन जहाँ कुछ समय पूर्व ही उन्होंने 'अपना घर आश्रम' के लिए जमीन दान करी थी उसके ही बिल्कुल पास वाली तकरीबन 2 बीघा से अधिक जमीन आप साथ दो सेवा समिति संस्था अलवर को बच्चो के हितो को देखते हुए आज दिनांक 18 मार्च 2024 को संस्था के नाम कर दी। अर्जुन कुमार अलवर के प्रतिष्ठित व्यक्ति है जो विभिन्न सेवा कार्यो से जुड़े रहते है। आज नयी कार्यकारिणी को भी शपथ दिलवाई गयी जिसमे अर्जुन कुमार संरक्षक, डॉ.एस.सी. मित्तल-अध्यक्ष, दिनेश, किराड़-सचिव, सुभाष खण्डेलवाल-कोषाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता व मंतोष जैन को तथा सदस्य बिजेन्द्र खण्डेलवाल, गिरीश गुप्ता, प्रदीप सोलंकी, चन्द्रप्रकाश शर्मा, दीपक गुप्ता, निर्मित यादव, मूलचन्द जांगिड, नीरज भाटिया, मनीष खण्डेलवाल, बाला प्रसाद, त्रिलोक कोली, कुमारी खुशबू जैन, हेमंत यादव, रवि राजपूत, सतीश वर्मा को बनाया गया है।

अध्यक्ष डॉ.एस.सी. मित्तल ने भामाशाह अर्जुन कुमार को साफा एवं माला पहनाकर हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया वही अपनी कार्यकारिणी योजनाओ को संक्षिप्त में बताते हुए जल्द से जल्द इस भूमि पर भामाशाहो से सम्पर्क करके स्कूल के निर्माण कार्य, बोरिंग सहित अन्य जरुरी कार्यो हेतु सहयोग लेकर कार्यो को प्रारम्भ करवाना होगा साथ ही साथ स्कूल की बिल्डिंग बनने तक स्कूल खोलने की मान्यता प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग में प्रार्थना पत्र की कार्यवाही भी शुरू की जायेगी। संस्था की तरफ से डॉ. मित्तल ने आमजन से भी अपील की है कि इस नेक कार्य के लिए आगे आकर सहयोग दे तथा गरीब एवं असहाय बच्चो की शिक्षा का माध्यम बनकर पूण्य कमाए। सहयोग देने वालो को सहयोग में दी गयी राशि पर 80 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी।

## श्री चंद्रप्रभु विकलांग कल्याण समिति अलवर द्वारा संस्था भवन के 12 वें स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित किया गया

खबरों की दुनिया

**अलवर।** मंगलवार को श्री चंद्रप्रभु विकलांग कल्याण समिति अलवर द्वारा संस्था भवन के 12 वें स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों का रोली तिलक लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



संस्था सदस्यों द्वारा पधारे हुए सभी विशिष्टजनों श्रीविजय मुनि महाराज, अशोक सिंघानिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, एजीएम एसबीआई सतीश चौधरी, रीजनल मैनेजर अनुराग कुमार एवं गोविंद गर्ग, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष जैनेन्द्र जैन, सचिव सूर्यकांत भारद्वाज, उपाध्यक्ष राजेश भट्ट, कोषाध्यक्ष हेमंत मोदी, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज से आरओडीसी के नोडल ऑफिस डॉ. सरोज कुमार सुमन, पूर्व पीएमओ डॉ. महेश जैन एवं उनकी विशेषज्ञ टीम, ओम आयुर्वेद के नेत्र चिकित्सक डॉय भारत भूषण, सिंधी समाज के सुरेश थाडानी, अपना घर आश्रम के अशोक मेठी, अशोक आहूजा का माला पहनकर और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही संस्था के संस्थापक सदस्यो को भी इस अवसर पर माला पहनकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संस्था के संरक्षक खिल्लीमल जैन द्वारा संस्था के अब तक के सफर और किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपन कर 4 लोगों को लाभान्वित किया गया, एसबीआई जयपुर मण्डल के सौजन्य से महावीर इंटरनेशनल के तत्वावधान में 25 व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की विशेषज्ञों की टीम द्वारा मेडिकल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें जनरल फिजीशियन, नेत्र, ईएनटी, डेंटल आदि के मरीजों को परामर्श दिया गया तथा दवाइयाँ प्रदान की गई, साथ ही योगा शिविर भी लगाया गया। इसके अलावा क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से रियायती दरो पर विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा प्रदान की गई। संस्था द्वारा सभी के लिए निःशुल्क फिजिओथेरेपी एवं होम्योपेथी चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। मंच संचालन गिरीश गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अशोक जैन अगोनिज, पूर्व अध्यक्ष हरीश कालरा, उपाध्यक्ष अविनाश माथुर, रामलाल वर्मा, कार्याध्यक्ष केप्टन सीता राम शर्मा, सचिव नरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल, ई. प्रदीप जैन, संजय जैन, कैलाश चंद गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, जगदीश पंचोली, आशा कालरा, सरिता तोलानी, सरला जैन सचेती, प्रमिला गुप्ता, नीता अग्रवाल, परमार्थ दिव्यांग के अशोक नागर एवं सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## खबरों की दुनिया एक नजर

# मेडिकल स्टोर व निजी अस्पतालों की सहायक औषधि नियंत्रक ने किया निरीक्षण



### मेडिकल संचालकों में मचा हडकंप

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** सहायक औषधि नियंत्रक देवेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में शहर में संचालित निजी अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। जिससे शहर में मेडिकल संचालकों में हडकंप मच गया। औषधि नियंत्रण अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि नशीली दवाईयों की रोकथाम को लेकर फूड एवं ड्रग कमिश्नर के निर्देशों की पालना में एक अभियान चलाया जा रहा है। अभयान के तहत सोमवार को शहर के अस्पतालों व मेडिकलों की जांच की गई।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर पर किसी प्रकार की कमी मिलने पर उन्हें नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीम ने घीया मेडिकोज, ऋषि मेडिकोज, विनायक मेडिकल स्टोर, ओझा हॉस्पिटल एवं णमोकार हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान औषधि नियंत्रक अधिकारी विनय विजय भी साथ रहे।

आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों को

# अपराध की जानकारी करनी होगी सार्वजनिकः जिला निर्वाचन अधिकारी

### समाचार पत्र व टीवी चैनल्स में तीन बार देनी होगी सूचना

**खबरों की दुनिया**

टोंक। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड को 3 बार अलग- अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा तथा टीवी चैनलों में प्रसारित कराना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में आयोग ने अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये है। सभी राजनैतिक दलों को जिनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत रखने वाले अभ्यर्थियों को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नवीन प्रारूप सी-7 में ऐसे अभ्यर्थी के चयन से 48 घंटे के भीतर यह प्रकाशित करना होगा कि उनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत्त रखने वाले व्यक्ति को ही उम्मीदवार क्यों चुना गया है। उक्त प्रकाशन की सूचना ऐसे राजनैतिक दलों को प्रारूप सी-8 में 72 घंटे के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रचार-प्रसार के लिये उन्हें फॉर्म सी-1 व सी-2 के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी चैनल्स में प्रसारित करवाना होगा।

अभ्यर्थी द्वारा भरे गए नामांकन पत्र में यदि स्वयं के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज होने की सूचना दी जाती है, तो अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनीतिक दल को विहित प्रारूप में सूची के अनुसार जानकारी प्रकाशित व प्रसारित करवानी होगी। आयोग के अनुसार लोकसभा आम चुनाव के उम्मीदवारों में यदि किसी अभ्यर्थी का आपराधिक रिकॉर्ड है, तो अभ्यर्थिता वापसी के प्रथम चार दिनों के भीतर प्रथम प्रचार, अगले पांच से 8 दिनों के बीच दूसरा प्रचार तथा तीसरा प्रचार 9 वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक (मतदान दिवस से दो दिन पूर्व तक) विज्ञापन समाचार पत्रों व टीवी चैनल पर प्रकाशित, प्रसारित करने होंगे।

**द्वितीय चरण के मतदान के लिए**

1. प्रथम प्रकाशन दिनांक 09-04-2024 से दिनांक 12-04-2024 के बीच
2. द्वितीय प्रकाशन दिनांक 13-04-2024 से दिनांक 16-04-2024 के बीच एवं
3. तृतीय प्रकाशन दिनांक 17-04-2024 से चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि तक (दिनांक 24-04-2024 तक)

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को सी-1 एवं सी-2 प्रारूप में प्रकाशन की समयावधि इस प्रकार होगी।

**द्वितीय चरण के मतदान के लिए 9 अप्रैल से 24 अप्रैल 2024 के बीच 3 बार करना होगा प्रकाशन व प्रसारण**

ऐसे राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र जिनकी प्रसार संख्या 75 हजार प्रतिदिन हो तथा स्थानीय समाचार पत्र जिसकी प्रतिदिन 25 हजार प्रतियां प्रकाशित होती हो, में उक्त विहित सी-1 एवं सी-2 प्रारूप प्रकाशित करवाने होंगे। इसी प्रकार विभिन्न टीवी चैनल में भी इनका प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे के बीच न्यूनतम 7 सैकंड के लिए की जानी आवश्यक होगी।

उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार फॉर्मेट सी-1 उम्मीदवारों के लिये होगा तथा सी-2 राजनीतिक दलों के लिए होगा। निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूरी जानकारी भरकर समाचार पत्रों व न्यूज चैनल पर प्रकाशित-प्रसारित करवाना होगा। फॉर्मेट सी-1 में आपराधिक मामलों में घोषणा करते समय उम्मीदवार को 1. अभ्यर्थी के विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित विवरण मोटे अक्षरों में होगें, 2. समाचार पत्रों में सूचना न्यूनतम 12 फोंट के आकार में प्रकाशित कराई जाएगी, 3. प्रत्येक मामले के लिए विवरण अलग-अलग पंक्तियों में अलग-अलग दिया जाना चाहिए, 4.यदि कोई अभ्यर्थी किसी दल विशेष के टिकट पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे अपने विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों के बारे में अपने दल को सूचना देनी अपेक्षित होगी, 5. जैसे ही आपराधिक मामलों के संबंध में घोषणा प्रकाशित हो जाती है, अभ्यर्थी तत्काल इसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देंगे। इसके अतिरिक्त, निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर वे निर्वाचन व्ययों के लेखा सहित फार्मेट सी-4 में मामलों के संबंध में घोषणा के प्रकाशन के बारे में एक रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। फॉर्मेट सी-2 जिसके तहत राजनैतिक दलों द्वारा वेबसाइट्स, समाचार चैनलों तथा समाचार पत्रों में दल द्वारा खडे किये गए अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में जानकारी देनी होगी। साथ ही राजनैतिक दल आपराधिक रिकॉर्ड वाले अभ्यर्थियों से संबंधित सूचना दल की ऑफिसियल वेबसाइट के होमपेज पर डालने के लिए भी बाध्य होंगे।

# चार दिवसीय इन्डक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू



**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार पेरालीगल वोलेंटियर की चार दिवसीय इन्डक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 मार्च तक जिला मुख्यालय टोंक, तालुका मालपुरा, निवाई, उनियारा, देवली व टोड़ारायसिंह में कार्यरत पैरालीगल वॉलियेन्टर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा किया जाकर पैरालीगल वॉलियेन्टर्स को विधिक सेवाओं के दायित्व, नालसा स्कीम्स व पैरालीगल वॉलियेन्टर्स स्कीम का परिचय एवं सविधान की मूलभूत संरचना एवं प्रस्तावना, अनुच्छेद 39ए एवं विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 व नालसा विनियम के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात् मास्टर ट्रेनर दीपचन्द बैरवा व अशोक साहु तथा संपत्ति संबंधी कानून, श्रम कानून, अनुसूचित जाति तथा जनजाति अधिनियम 1989 तथा नागरिक अधिकार सुरक्षा कानून आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर हैड कांनि. दिगम्बर सिंह प्रतिनिधि महिला थाना टोंक द्वारा महिलाओं से संबंधित कानून के सम्बंध में जानकारी दी गई।

# आचार सहित की हो कठोरता से हो पालनाः सुरेश कुमार हरसोलिया

### रिटर्निंग अधिकारी ने एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी और एटी टीम व राजनैतिक दलों की ली बैठक

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी और एटी टीम व राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया सभी राजनैतिक दलों से चुनाव आयोग द्वारा लगाई गई आचार संहिता का कठोरता से पालन करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढाने के लिए आयोग द्वारा होम मिटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रतिनिधियों से चुनाव प्रचार के लिए बेनर, पोस्टर एवं अन्य चुनाव सामग्री लगाने से पूर्व उपखंड प्रशासन से अनुमति लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि रैली, जुलूस व चुनावी सभा में धार्मिक, जातीय या सामप्रदायिक फैलाने वाले भाषण एवं नारे लगाने से बचें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में



विधानसभा क्षेत्र निवाई में एफएसटी की कुल नौ टीमें कार्यरत हैं। प्रथम पारी तीन टीमें थाना क्षेत्र दत्तवास एवं सदर, द्वितीय टीम थाना क्षेत्र निवाई एवं उपखण्ड क्षेत्र निवाई के बरोनी क्षेत्राधिकारी में एवं तीसरी टीम थाना पीपलू एवं उपखण्ड क्षेत्र पीपलू बरोनी क्षेत्राधिकार में तीन पारियों में बराबर रूप से 24 घंटे सकिय है। ईसीआई के निर्देशानुसार एमसीसी की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एफएसटी टीम अपने आवंटित क्षेत्र में चुनाव से संबंधित नकदी, ड्रग्स एवं उपहार आदि की विधिवत जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सी-वीजीएल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। सी-वीजीएल एप आवंटित क्षेत्र की किसी भी प्रकार की प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों को तत्काल प्रभाव से निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### ह्यूमन राइट्स के टोंक जिला सचिव बने अजीम

**टोंक।** आईसीसी ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पॉल के निर्देशानुसार, जिलाध्यक्ष सूरजमल मीणा की अभिशंषा पर प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट शकीलुर्रहमान ने एआईसीसी ह्यूमन राइट्स की टोंक जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अजीम खान को टोंक



जिला सचिव ह्यूमन राईट्स के पद पर नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर ह्यूमन राईट्स के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। नव-नियुक्त टोंक जिला सचिव अजीम खान पूर्ण निष्ठा से संगठन में कार्य करते हुए पीड़ितों व शोषितों के हितों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संगठन की जनहितकारी विचार धारा को और मजबूत करते हुए विधिक अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य करते रहेंगे। इनकी नियुक्ति पर अशोक शर्मा, अजीमुद्दीन, मोहम्मद अरशद खान, रईस मियाँ व नाहिद खान ने खुशी व्यक्त की है।

# पुरानी टोंक पुलिस ने, 35 किलो 480 ग्राम मादक पदार्थ डोडा चुरा के साथ दो महिलाओं को पकड़ा

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** पुरानी टोंक क्षैत्र में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा पर कार्यवाही करते हुए 35 किलो 480 ग्राम के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उनके कब्जे से दो मोबाईल व 7 हजार रूपये नगद भी जप्त किये गये। डोडा चूरा की कीमत 5 लाख 32 हजार 200 रूपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक सरिता सिंह व वृत्ताधिकारी टोंक राजेश कुमार विद्यार्थी के सुपरविजन में सउनि रामेश्वर प्रसाद, प्रदीप कुमार सउनि, बाबूलाल, हैड कांनि. राजेन्द्र सिंह,



कांनि. हरिशंकर, सियाराम, राजेश कुमार, नाहरसिंह, औमप्रकाश, राजेश, लोकेश, महिला कांनि. अनिता, अनिता एवं कांनि. चालक राजेन्द्र ने लोकसभा आम चुनाव को मध्यनजर रखते हुये अवैध शराब, हथियारों एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियानों के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये पुलिस निरीक्षक बृजमोहन कविया के नेतृत्व में गठित पुलिस थाना पुरानी टोंक की टीम द्वारा गश्त के दौरान न्यू हाउसिंग बोर्ड टोंक से सोमवार की शाम को प्रभावी कार्यवाही करते हुये 35 किलो 480 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के साथ दो महिला जिनमें जसविन्द्र कौर पत्नि बलविन्द्र कौर राजपूत सांसी (47) साल निवासी तलवंडी कलां थाना लाधोवाल जिला लुधियान पंजाब एवं दिसू पत्नी विजय कुमार राजपूत सांसी (50) साल निवासी तलवंडी कलां थाना लाधोवाल जिला लुधियान पंजाब को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाईल व 7 हजार रूपये नगद भी जप्त किये गये। उक्त दोनों महिलाओं के खिलाफ एन. डी. पी. एस. एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। जिसका अनुसंधान थानाधिकारी कोतवाली भंवर लाल वैष्णव द्वारा किया जा रहा है।

# साहित्यिक सप्ताह 'मोरचंग' कार्यक्रम आयोजित

### प्राचार्य चांपावत ने विजेता टीम को दी बधाई

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** सैन्ट सोल्जर महिला टी.टी. कॉलेज, टोंक में सांस्कृतिक साहित्यिक सप्ताह 'मोरचंग' कार्यक्रम पर प्राचार्य डॉ. सरोज चांपावत और कमलेश कुमार मीणा ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का दूसरा दिन प्रश्नोतरी और अंताक्षरी कार्यक्रम के साथ अत्यधिक रोचक रहा।

मोरचंग कार्यक्रम की श्रृंखला में आयोजित प्रतियोगिता में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता की विजेता टीम में डी.एल.एड प्रथम वर्ष (सावित्री बाई फूले) मीना चौधरी, मानसी नावरिया, वैदेही वर्मा, ललिता चौधरी, मनिषा शर्मा रही वहीं अंताक्षरी प्रतियोगिता में विजेता टीम में बी.एड प्रथम वर्ष (आशा भोंसले) अनुष्का शर्मा, दीक्षा साहू, शीतल मल्होत्रा, उर्मिला सैनी, भारती साहू रही।

इस अवसर पर कमलेश कुमार मीणा, मनोज दीक्षित, भागचंद वैष्णव, गिर्राज प्रजापत, नरेन्द्र जैन, गुजंन गौत्तम, सम्पत सैनी, समीउन्नीसा, शक्ति साहू, ललिता महावर, मीना प्रजापत, पूरण कुमार, मेहविश अमरीन, शैतान सिह नरूका, संजय बैरवा, सपना अग्रवाल ने पूर्ण सहयोग कर सफल बनाया। प्राचार्य डॉ. सरोज चांपावत ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने दिया मतदान का संदेश




**खबरों की दुनिया**

**देवली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवडावास में विद्यार्थियों ने देवनारायण गुर्जर के सानिध्य में स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी शिक्षक तुलसीराम शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्य जयकुमार जैन के नेतृत्व में प्रतिदिन सुबह प्रार्थना के समय विद्यार्थियों को अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान करवाने हेतु प्रेरित किया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को विद्यार्थियों ने वोट के रूप में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर दयानंद वर्मा उप प्राचार्य, रघुनंदन पंचोली, सुवालाल रेगर, ज्योति वर्मा, राम दयाल बेरवा, प्रदीप कुमार बिडला, रमेश शर्मा, दोलत सिंह, झीलमवती, अन्नू नागरवाल, छीतर सैनी, ममता शर्मा, ममता मूंदड़ा, नवरत्न मीणा आदि कार्मिक उपस्थित थे।

# सूरत से अयोध्या पैदल जा रहे राम भक्त बजरंगी धोलिया का देवली में किया स्वागत

**खबरों की दुनिया**

**देवली।** गुजरात के सुरत शहर से अयोध्या धाम की पैदल यात्रा पर निकले राम भक्त बजरंगी धोलिया का देवली पहुंचने पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बजरंग दल के सह संयोजक तेजेंद्र पारीक ने बताया कि बजरंगी धोलिया 2 मार्च 2024 को सूरत से अयोध्या धाम के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं, जो प्रतिदिन 55-60 किलोमीटर पैदल चलते हैं। रामभक्त बजरंगी धोलिया पहले मथुरा, वृंदावन, बरसाना होते हुए अयोध्या स्थित राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे, तत्पश्चात वहां से ऋषिकेश, हरिद्वार, केदारनाथ की यात्रा कर वापस सूरत जायेंगे।



# कृषि मण्डी में सवा लाख कट्टे आए बिकने के लिए

➡ मंडी के बाहर लगा रहा जाम,

➡ मंडी परिसर में दो लाख कट्टों का नही हुआ उठाव

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** मंगलवार को कृषि मण्डी में सरसों की बम्पर आवक हुई जिससे मण्डी में मेले जैसा माहौल नजर आया। मंगलवार को मण्डी में सरसों के करीब सवा लाख कट्टे बिकने के लिए आए। सुबह से मण्डी के बाहर प्रवेश के लिए वाहनों की दोनों ओर लम्बी कतारें लग गई। जिससे जाम लग गया। इस दौरान करीब 2 दर्जन से अधिक यातायातकर्मी यातायात व्यवस्थाओ में जुटे रहै। इस दौरान यातायातकर्मी थोडी देर के लिए झिलाय की और से आने वाले वाहनों को रोककर अहिंसा सर्किल की और से आने वाले वाहनों को मंडी परिसर में प्रवेश करवाया व थोडी देर के लिए अहिंसा सर्किल की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर झिलाय की ओर से आने वाले वाहनों को प्रवेश करवाया।

सरसों के कट्टे से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रोलिया, जुगाड, जीपे, पिकअप ट्रक सहित सैंकडों वाहनों की आवाजाही को लेकर मंगलवार को सुबह से ही कृषि मंडी से दीनदयाल कॉलोनी तक, मंडी से अहिंसा सर्किल तक व इन्दिरा कॉलोनी में श्याम मंदिर तक जाम लग गया। जिससे बसे, सवारी जीपे सहित अन्य वाहन चालको व यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पडा। इस दौरान मंडी परिसर में बार-बार जाम लगने से किसानों सहित व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पडा। किसानों ने बताया कि मंडी परिसर में वाहनों को व्यवस्थित करने की कोई व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक बेतरतीब ढंग से खडा कर देते हैं जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। कृषि उपज मंडी में टोक, सवाईमोधापुर, जयपुर, अजमेर, गंगापुर, करौली व दौसा सहित अन्य जिलों से सरसों की लगातार आवक बनी हुई है। व्यापारी टोनू शिवाड व किशन खंण्डेलवाल ने बताया कि मंगलवार को मंडी में सरसों 4600 से 4900 रूपए तक बिकी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सरसों के सवा लाख कट्टों, सोमवार को करीब एक लाख कट्टों व शनिवार को 90 हजार कट्टों की आवक हुई है। संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि सरसो की आवक लगातार जारी रहने व करीब दो लाख कट्टों का उठाव नहीं होने से मण्डी परिसर में सरसों के कट्टे रखने के लिए जगह नही रही है। जिसके कारण मंडी व्यापारियों ने बुधवार को मंडी व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया है।



# दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने 2 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फरहान खान उर्फ जहूर पुत्र असलम पठान लिसोडों की चौकी रजबन, हाल निवासी सोफिया स्कूल के पास धन्ना तलाई टोंक को गिरफ्तार किया है।



खबरों की दुनिया
एक नजर

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान हेतु उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल की अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन में जिले की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। लोकसभा चुनावों के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को प्रथम रेंडमाइजेशन में कुल आवंटित कुल पोलिंग बूथ का 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं 127 प्रतिशत वीवीपैट का वितरण किया जाएगा।

रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई। रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के नम्बर अनुसार राजनैतिक दलों की उपस्थिति में रखा गया। प्रथम रेंडमाइजेशन की एक प्रति सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुनीता यादव एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी ऋतेश कुमार शर्मा सहित राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से

### लोकसभा आम चुनाव-2024 : सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जा सकेगा नामांकन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मार्च से 27 मार्च तक कार्यदिवसों में नामांकन प्रपत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन प्रपत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा एवं 4 जून को मतगणना को होगी।

**नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट में इस प्रकार रहेगी व्यवस्था :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर मे नामांकन प्राप्त करने वाले रिटर्निंग अधिकारी के निर्धारित कक्ष में प्रवेश हेतु मेन गेट एवं चैनल गेट तय किये गए हैं। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रथम तल पर कमरा नंबर 103 प्रस्तुत किये जा सकेंगे। जिसके लिए प्रवेश हेतु मुख्य गेट नंबर 2 एवं मुख्य पोर्च की सीढ़ियों से निर्धारित किया गया है। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए नामंकन भूतल पर कमरा नंबर 6 में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। जिसके लिए प्रवेश हेतु मैन गेट नबंर 1 एवं चैनल गेट नंबर 1 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रस्तुतीकरण, समीक्षा एवं नाम वापसी के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ तथा पुलिस विभाग द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।

### नामांकन के लिए प्रत्याशी सहित 5 व्यक्तियों को दिया जाएगा प्रवेश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशियों से नियमों की पालना करते हुए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अभ्यर्थी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि विभिन्न गतिविधियों के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन ना हो।

### प्रचार सामग्री के प्रकाशन में हो नियमों की पालना

राजनीतिक दल, प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा प्रकाशित करवाए जाने वाले पम्पलेट, पोस्टर, विज्ञापन अथवा हैण्डबिल प्रकाशित या मुद्रित करवाते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के विभिन्न प्रावधानों की पालना हो। पम्पलेट, बैनर तथा पोस्टर के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम तथा पता अनिवार्य रूप से लिखवाना होगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर का मुद्रण तब तक नहीं करवा सकेगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उसके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो द्वारा सत्यापित न करवाया जाए। सत्यापन के पश्चात मुद्रक को इसकी दो प्रतिलिपि देनी होगी। दस्तावेज के प्रकाशित के पश्चात मुद्रक इसकी एक प्रति तथा घोषणा पत्र की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

### लागू रहेगी धारा-144

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 प्रभावी रहेगी। इस दौरान कोई व्यक्ति, राजनीति पार्टी, संस्था बिना वैध अनुमति के जुलूस, सभा, रैली एवं सार्वजनिक सभा नहीं कर सकेगा तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं कर सकेगा। प्रत्येक सभा, जुलूस एवं सार्वजनिक सभा की अनुमति आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग भारत सरकार के निर्देशों की पालना के तहत होगी।

### चुनावी खर्च पर रहेगी नजर

लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थी चुनाव प्रचार पर भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख रुपये तक राशि व्यय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों को चुनाव खर्च के लिए नामांकन करने से कम से कम एक दिन पूर्व पृथक से बैंक खाता खोल कर उसका ब्यौरा निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करवाना होगा। अभ्यर्थियों को समस्त खर्चे इसी बैंक खाते के माध्यम से करने होंगे। समस्त लेने देने की जानकारी निर्वाचन विभाग में देनी होगी। व्यय सीमा का उल्लंघन नहीं हो इसके लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है।

### निजी सम्पति पर बिना लिखित अनुमति के प्रचार सामग्री न लगाएं

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत अभ्यर्थी या राजनीतिक दल किसी निजी सम्पत्ति पर अपने बैनर या झंडे लगवा कर चुनाव प्रचार-प्रसार करना चाहते हैं तो इसके लिए संबंधित मालिक से लिखित स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि मालिक की लिखित स्वीकृति के बाद लगाए जाने वाले बैनर या झंडे के खर्चे सहित पूर्ण विवरण एवं लिखित सहमति की प्रति अभ्यर्थी द्वारा सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को 3 दिन में प्रस्तुत करनी होगी।

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की कार्यवाही

## 32 हजार रुपए का किया कैरिंग चार्ज, 3 केन्टर सामान जब्त

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निदेशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मयूर विहार, कबानी रोड़, सेन्ट्रल स्पाइन दादी का फाटक तथा सांगानेर मालपुरा गेट तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 32 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर 3 केन्टर सामान जब्त किया।

उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मयूर विहार, कबानी रोड़, सेन्ट्रल स्पाइन दादी का फाटक तथा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चैरड़िया पेट्रोल पम्प से मालपुरा गेट सांगानेर जयपुर तक अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 32 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## जयपुर में अवैध तरीके से रखे गैस सिलेंडर, 2 मोटर और नाप-तोल करने वाले कांटे जब्त

**जयपुर।** जयपुर जिला रसद विभाग की टीम ने आज रसोई गैस सिलेंडर के अवैध स्टोरेज पर कार्रवाई की है। इस स्टोरेज से बड़ी संख्या में सिलेंडर जब्त किए हैं। इसके साथ मोटर और नाप-तोल करने वाले कांटे भी जब्त किए हैं। रसद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजमेर रोड पर श्रीनाथ वाटिका कॉलोनी में एक मकान में अवैध स्टोरेज की सूचना मिली थी। इस पर हमारी टीम मौके पर गई। मकान में पिछले हिस्से में बने एक गोदाम में सिलेंडर रखे थे।

इसमें 77 सिलेंडर गाड़ियों में लोड थे, जबकि 10 सिलेंडर कमरे में रखे थे। इस तरह कुल 88 रसोई गैस सिलेंडर रखे थे। प्रारम्भिक पूछताछ में भवन मालिक कोई संतोषजनक जवाब दे सका। वहां मौजूद दो लोग भी कोई जवाब नहीं दे सके।

गोदाम की जब जांच की तो वहां सिलेंडर के अलावा 2 रिफिलिंग मोटर पंप और 2 कांटे भी मिले। इससे आशंका जताई जा रही है कि मौके पर सिलेंडर की अवैध रिफलिंग का काम किया जाता है। इस पर कार्यवाही करते सभी सिलेंडर, दोनों मोटर, कांटे और गाड़ी जब्त किए गए और मुकदमा दर्ज करवाने की तैयारी की जा रही है। ये पता चलाया जा रहा है कि ये सिलेंडर किस गैस एजेंसी से यहां से आए है। क्योंकि ये किसी गैस एजेंसी का गोदाम भी नहीं है।

## बाड़मेर लिग्नाइट की सीएसआर गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा : आनन्दी

### खान सुरक्षा मानकों की सख्ती से की जाए पालना, सुरक्षित खनन पर दिया जोर



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** खान सचिव माइंस व पेट्रोलियम आनन्दी ने कहा है कि राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम बाड़मेर लिगनाइट सामाजिक दायित्व को निभाते हुए कारपोरेट सोशियल रेस्पोंसबिलिटी के तहत क्षेत्र में सीएसआर गतिविधियों को विस्तारित करें। उन्होंने कपूरदी और जलिपा माइंस में खनन कार्यो में लगे श्रमिकों व कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खान सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए।

खान सचिव आनन्दी राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम बाड़मेर लिगनाइट माइनिंग कंपनी लि. की 68 वीं संचालक मण्डल की बैठक को संबोधित कर रही थी। आनन्दी बीएलएमसीएल की चेयरपर्सन भी हैं। उन्होंने कहा कि बाड़मेर लिगनाइट की माइंस से फरवरी माह तक 55 लाख 80 हजार टन लिगनाइट पॉवर प्लांट को उपलब्ध कराया गया है। इसमें 43 लाख 82 हजार टन कपूरदी से और 11 लाख 98 हजार टन जलिपा माइंस से लिगनाइट पॉवर प्लांट को विद्युत उत्पादन के लिए उपलब्ध कराया गया है। बैठक में क्षेत्र से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे के कारण प्रभावित गांवों को संपर्क सड़क को जोड़ने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

आनन्दी ने बीएलएमसीएल की सीएसआर गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि सीएसआर में उपलब्ध एक करोड़ रु. से अधिक राशि से एक और कारपोरेट सोशियल दायित्व की पूर्ति होगी वहीं जनहित के कार्य संपादित हो सकेंगे। उन्होंने बीएलएमसीएल की गतिविधियों की भी समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बीएलएमसीएल के एमडी ललित कुमार गुप्ता ने विस्तार से विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। संचालक मण्डल की बैठक में उमेश गुप्ता, एमडी आरएसएमएमएल राजेन्द्र भट्ट, जेएस एनर्जी गिरधर, शरद महेन्द्र, रुपा देवी सिंह, नरेन्द्र नाथ मिश्रा, राजीव शर्मा, कंपनी सचिव सौरभ शर्मा आदि ने भी उपस्थित रह कर व वर्चुअली हिस्सा लेते हुए सुझाव दिए।

## अवैध हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने ऑपरेशन आग के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध पिस्टल बरामद की है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी युवक लोगों में दहशत फैलाने और लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार रखता था। हथियार का डर दिखाकर इलाके में आरोपी दहशत फैला रहा था। उसी के जानकारों ने पुलिस को उसके अवैध हथियार रखने की जानकारी दी थी। जिस पर मुरलीपुरा थाना पुलिस के साथ मिलकर सीएसटी ने आरोपी को गिरफ्तार किया। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने बताया-इलाके में रहने वाले अमनदीप धारु पुत्र ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं चिकित्सा शिक्षा ने किया मिनी स्वास्थ्य भवन का औचक निरीक्षण

**जयपुर।** मंगलवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान द्वारा मिनी स्वास्थ्य भवन स्थित फूड लैब का औचक निरीक्षण किया। फूड लैब में लगी मशीनों का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा परिसर में अनुपयोगी सामान का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा संयुक्त निदेशक कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया गया तथा परिसर में रखें नाकारा वहां तथा अनुपयोगी सामान का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। उनके द्वारा ड्रग लैब का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. धौलपुरिया जॉइंट कमिश्नर फूड, अजय पाठक ड्रग कंट्रोलर साथ रहे तथा संयुक्त निदेशक जोन जयपुर डॉ. नरोत्तम शर्मा द्वारा परिसर का निरीक्षण करवाया गया।

महेन्द्रा सेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुआ आयोजन

## सैकड़ों श्रमिकों ने ली लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ

खबरों की दुनिया





**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जयपुर के महेन्द्रा सेज स्थित एक निजी संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ एवं सफल लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने श्रमिकों से 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में श्रमिकों को सी-विजिल, वीएचए, सक्षम एवं केवाईसी एप की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान के जरिये लोकतंत्र के इस महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रमिकों मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

## पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की कार्रवाई : तीन जिलों में वांछित 5000 रुपये के इनामी ठग को टोंक में पकड़ा

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले में 8 साल से फरार वांछित इनामी आरोपी अरविंद कुमार सोनी पुत्र रामावतार निवासी सपोटरा जिला करौली हाल गणगौरी बाजार जयपुर को सोमवार रात टोंक जिले के बरौनी थाना इलाके से डिटेन कर लिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी अरविंद सोनी ठगी के मामले में बूंदी, भीलवाड़ा और टोंक जिले में लम्बे समय से वांछित है। इसकी गिरफ्तारी के लिए बूंदी एसपी द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन में गठित टीमों को वांछित इनामी बदमाशो, आपराधिक गिरोह के सक्रिय सदस्यों तस्करों आदि के बारे में जानकारी जुटाने अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम हेड कांस्टेबल रामनिवास, शंकर दयाल शर्मा, कमल सिंह, हेमंत शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, देवेंद्र व चालक विश्राम को आरोपी अरविंद सोनी के संबंध में आसूचना प्राप्त हुई थी।

### यह है मामला

आरोपी अरविंद सोनी के विरुद्ध साल 2016 में बूंदी जिले के थाना कोतवाली में एक युवक को कनिष्ठ लिपिक के पद पर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 40 हजार रुपए की ठगी तथा इसी साल थाना रतनगढ़ चूरू में इसी प्रकार 2.26 लाख रुपये हड़पने का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के विरुद्ध जयपुर, सवाई माधोपुर और टोंक में भी ठगी के मामले दर्ज है। वह शाहपुरा जिले के थाना पारोली एवं टोंक के थाना कोतवाली में वांछित है। एडीजी ने बताया कि इस संपूर्ण कार्रवाई में हेड कांस्टेबल कमल सिंह की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा व सोहन देव की तकनीकी भूमिका रही। इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम में हेड कांस्टेबल रामनिवास, हेमंत शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा एवं चालक विश्राम का सराहनीय सहयोग रहा।







स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। सम्पादक : बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 प्रधान कार्यालयः मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123